रोहतक
बुधवार, 12 मार्च 2025
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 41
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 34.4
न्यून. 12.8

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74,102.32 | 12.85 ▼ |
| निफ्टी | 22,497.90 | 37.60 ▲ |
| **धातु** | **कीमत** | **तेजी/मंदी** |
| सोना | 88,790 /- | 40/- ▲ |
| चांदी | 98,900/- | 350/- ▼ |
| (सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में) | | |
| **मुद्रा** | **प्रति डॉलर** | **ऊपर** |
| रुपया | 87.21 | 10 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल 69.77/ बैरल | | 0.71% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

## गोहाना की जलेबी को लेकर भी जबरदस्त हंगामा

# बजट सत्र : तीसरे दिन भी हंगामा, विधानसभा में कांग्रेस व भाजपा विधायकों में जमकर तू-तू, मैं-मैं

योगेंद्र शर्मा ▸▸ चंडीगढ़

विधानसभा बजट-सत्र के तीसरे दिन भी मंगलवार को भी सदन में जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस और भाजपा विधायकों के बीच जमकर तू-तू मैं-मैं हुई। कांग्रेस ने राज्यपाल के अभिभाषण की आलोचना की तो, सत्ता पक्ष ने भी विपक्ष को करारा जवाब दिया। कांग्रेस विधायक पूजा चौधरी ने पूछा कि महिलाओं को 2,100 रुपये कब मिलेंगे? इस पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि पहले वे बताएं कि जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकार है, वहां खटाखट मिले क्या? वहीं, जुलाना से कांग्रेस

### विधायक अशोक अरोड़ा ने लगाए सुभाष सुधा पर अंदर कराने की धमकी के आरोप

विधायक विनेश फोगाट ने गर्ल्स कॉलेज की मांग रखी। इस पर शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि 2 किलोमीटर दूर ही लड़कियों का कॉलेज है। इसके बाद सीएम नायब सैनी ने कहा कि एक किलोमीटर दूर एक इंटर कॉलेज है वहां भी सीटें खाली हैं। पहले इन्हें भरने में सभी सदस्य मदद करें, इसके बाद जो भी जरूरत होगी उसे पूरा किया जाएगा।

(पेज दो भी देखें)

**विधायक पूजा बोलीं, महिलाओं को 2100 रुपये देने की तिथि बताओ**

**मंत्री बेदी बोले, जहां कांग्रेस की सरकार है वहां, खटाखट आए क्या**

**कांग्रेस ने की राज्यपाल के अभिभाषण की आलोचना, सत्ता पक्ष ने किया पलटवार**

**विपक्ष ने शिक्षकों, डॉक्टरों की कमी, बेरोजगारी से जुड़े के मामले सदन में उठाए**



### सदन में भिड़े विधायक गौतम और मंत्री अरविंद

अभिभाषण पर चर्चा के दौरान भाजपा विधायक रामकुमार गौतम और मंत्री डा. अरविंद शर्मा के बीच में अच्छी खासी नोकझोंक हुई। शर्मा ने कहा कि गोहाना की जलेबी का हरियाणा के चुनाव में जिक्र हुआ। भाजपा विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि अब गोहाना की जलेबियां शुद्ध नहीं रहीं। अब जलेबियां देसी घी नहीं, डालडा में बनाई जाती हैं। इस पर शर्मा ने गौतम को लेकर असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहा कि ये तो 10 किलो 'गोबर' तक पी गए थे। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने इन्हें सदन की कार्यवाही से हटा दिया।

### किसने क्या कहा

- भाजपा विधायक लक्ष्मण यादव ने कहा, राज्यपाल का अभिभाषण विकास का आधार है। पूर्व की सरकारों में सिर्फ शोर मचाया।
- कांग्रेस विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण सरकार का रोडमेप होता है लेकिन इसमें ऐसा कुछ नहीं है। अच्छी शिक्षा ,अच्छी चिकित्सा और अच्छी सुरक्षा तीनों गायब हैं। प्रदेश में रजिस्ट्री घोटाला हुआ। 400 पटवारी की सूची जारी की जो भ्रष्टाचार में शामिल हैं। उन पर कार्रवाई क्यों नहीं की, भले ही उनकी भर्ती किसी भी सरकार में हुई हो।
- विधायक पवन खरखौदा ने मांग की कि उनके इलाके में लग रहे उद्योग में स्थानीय लोगों को कम से कम 10 फीसदी रोजगार में रिजर्वेशन मिले और गुरु रविदास के नाम से यूनिवर्सिटी बनाई जाए।
- कांग्रेस विधायक इंदुराज नरवाल ने युवाओं में बढ़ती नशे की लत पर चिंता जताई। बाईपास की मांग करते हुए कहा कि 2017 में गोहाना में बाईपास की बात सरकार ने की।
- गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने सदन में बाईपास जल्द बनाने की मांग रखी। मंडी शहर के बीच में है जिसे बाहर शिफ्ट किया जाए।
- कांग्रेस विधायक मंदीप चट्ठा ने पिहोवा में डंपिंग ग्राउंड बनाने की मांग की।

### फोगाट हमारा गौरव : सैनी

जुलाना से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने लड़कियों के लिए हायर एजुकेशन संस्थान व कॉलेज खोले जाने की मांग की। इसके साथ ही खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेल स्टेडियम भी बनाने की मांग रखी। इस पर शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है, भविष्य में जरूरत पड़ेगी तो विचार करेंगे। फोगाट को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी खड़े हुए और कहा कि फोगाट हमारा गौरव हैं, देश की खिलाड़ी रही हैं। फोगाट ने कहा कि लड़कियों की मांग होती है कि खेलों के लिए और एजुकेशन के लिए बेहतर किया जाए। सरकारी कॉलेज है। जिसमें 161 सीट अभी खाली हैं। एक अन्य कॉलेज में 400 सीट खाली हैं।




## आतंकी हमला : बंदूकधारियों ने सुरंग के अंदर ट्रेन को रोका

# पाक में ट्रेन हाईजैक 128 यात्री बंधक, 80 छुड़ाए

**बलूच आर्मी ने की वारदात, 30 पाक सैनिकों की हत्या, 13 आतंकी भी मारे गए**

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान में मंगलवार को बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के आतंकियों ने जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर हमला कर उसे हाईजैक कर लिया। इसके बाद 182 यात्रियों को बंधक बना लिया। बीएलए ने धमकी दी की पाक ने यदि सैन्य कार्रवाई की तो इन सभी को मार डालेंगे। बीएलए ट्रेन छुड़ाने में जुटे 30 पाक सैनिकों की हत्या कर दी और एक ड्रोन को भी मार गिराया गया है। हालांकि पाक सेना ने ट्रेन में बंधक बनाए गए 80 यात्रियों को छुड़ा लिया गया। बताया जा रहा है कि 9 डिब्बों वाली ट्रेन 500 यात्रियों को लेकर क्वेटा से पेशावर जा रही थी, तभी बुललार और पीरू कोनेरी के इलाकों में बीएलए ने एक सुरंग में ट्रेन को कब्जे में ले लिया। पाक सुरक्षाबलों ने 43 पुरुष, 26 महिलाएं और 11 बच्चों को छुड़ा लिया, जबकि 400 से अधिक यात्री अभी भी ट्रेन में मौजूद हैं, जो सुरंग के अंदर हैं।

**हमला**

**धमकी दी, एक्शन लिया तो सारे बंधकों को मार गिराएंगे**

**बीएलए का जाफर एक्सप्रेस पर पूरी तरह से नियंत्रण**

**पाकिस्तान सरकार ने इमरजेंसी का किया ऐलान**

**ट्रेन में 9 कोच थे, इनमें 500 यात्री सवार, छोड़ा ब्लूचिस्तानियों को**



### बलूच उग्रवादियों की रिहाई की मांग

बीएलए ने पाक सरकार से कहा है कि वह 48 घंटे में बलौच लड़ाकों को रिहा करने की मांग की है। इन बलौच उग्रवादियों को युद्धबंदी कहा जाता है, जो पाकिस्तान की जेल में हैं। बीएलए ने कहा कि यदि हमारे लड़ाकों को नहीं छोड़ा गया तो हम इन यात्रियों की हत्या कर देंगे। वहीं, पाकिस्तानी सेना ने पूरे इलाके को घेर लिया है।

### ट्रेन का चालक गंभीर

रेलवे अधिकारियों ने पुष्टि की है कि ट्रेन का चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है। सहायता को आपातकालीन राहत ट्रेन भेजी गई है। अंग्रेजी अखबार 'डॉन' ने बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद के हवाले से खबर दी, 'क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस पर भारी गोलीबारी की खबरें हैं।' ट्रेन को सुरंग संख्या 8 में रोक दिया है। इस क्षेत्र में 17 सुरंगे बताई जा रही हैं। अस्पतालों में आपात स्थिति लागू की गई है। पाक के मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा कि हम ऐसे जानवरों से कोई समझौता नहीं करेंगे, जिन्होंने बेकसूर यात्रियों पर गोलीबारी की। ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**क्या है बलूच आर्मी :** बलूचिस्तान में आजादी की मांग करने वाले कई संगठन हैं। इनमें बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) सबसे ताकतवर संगठन है। ये संगठन 70 के दशक में अस्तित्व में आया, लेकिन 21वीं सदी में इसका प्रभाव बढ़ा है। बीएलए बलूचिस्तान को पाकिस्तानी सरकार और चीन से मुक्ति दिलाना चाहता है। उनका मानना है कि बलूचिस्तान के संसाधनों पर उनका हक है। पाकिस्तान सरकार ने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी को 2007 में आतंकी संगठनों की सूची में शामिल किया था।

## सभी तैयारियां पूरी, सुबह 8 बजे से मतगणना

# निकाय चुनाव का परिणाम, होली पर किसका उड़ेगा गुलाल, फैसला आज

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश में निकाय चुनाव के परिणाम 12 मार्च यानी बुधवार को घोषित हो जाएंगे। अब होली पर किसका गुलाल उड़ेगा और कौन हारेगा। इस पर दोपहर तक फैसला हो जाएगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त धनपत सिंह ने मंगलवार को बताया कि प्रदेश के विभिन्न नगर निगमों, नगर परिषदों और नगर पालिकाओं के महापौर/प्रधान तथा वार्ड सदस्यों के लिए हुए चुनाव के लिए 2 मार्च को मतदान हुआ था। वहीं, पानीपत में चुनाव 9 मार्च को हुआ। सभी के मतों की गिनती बुधवार को सुबह 8 बजे से शुरू होगी। शहर में किसकी सरकार बनेगी दोपहर तक पूरी स्थिति साफ हो जाएगी। शाम तक परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। इसके लिए चुनाव आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना होगी। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए बल तैनात रहेगा।



**राज्य निर्वाचन आयुक्त धनपत बोले, 26 वार्ड सदस्य निर्विरोध चुने**

**सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त**

### वेबसाइट पर देखें परिणाम

धनपत ने कहा, राज्य चुनाव आयोग की वेबसाइट पर परिणामों को देखा जा सकेगा। मतगणना के दौरान किसी भी प्रत्याशी अथवा उनके गणना एजेंट एवं मतगणना स्टाफ को अपने साथ मतगणना केन्द्र में मोबाइल फोन, पेन ड्राइव, कैमरा, लैपटॉप, पैन, डिजीटल घड़ी, कोई भी इलेक्ट्रिकल यंत्र ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

### ये चुने जाएंगे

- नगर निगम मानेसर, गुरुग्राम, फरीदाबाद, हिसार, रोहतक, करनाल, यमुनानगर और पानीपत में महापौर (मेयर) और वार्ड सदस्यों के भाग्य का फैसला होगा। वहीं, नगर निगम अम्बाला और सोनीपत में महापौर (मेयर) पद हेतु उप-चुनाव हुआ है।
- नगर परिषद अम्बाला सदर, पटौदी-जटौली मंडी, थानेसर और सिरसा में प्रधान (प्रेजिडेंट) और वार्ड सदस्यों के पदों के लिए तथा नगर परिषद सोहना में प्रधान (प्रेजिडेंट) पद हेतु उप-चुनाव के लिए हुए चुनाव के लिए की मतगणना की जाएगी।
- 21 नगर पालिकाओं बराड़ा, बवानी खेड़ा, सिवानी, लौहारू, जाखल मंडी, फरूखनगर, नारनौंद, बेरी, जुलाना, सीवन, पूंडरी, कलायत, नीलोखेड़ी, इंद्री, अटेली मंडी, कनीना, तावडू, हथीन, कलानौर, खरखौदा तथा रादौर में प्रधान (प्रेजिडेंट) और वार्ड सदस्यों के पदों के लिए हुए चुनाव के लिए की मतगणना होगी।

## खबर संक्षेप

### डब्ल्यूएफआई से पंद्रह माह बाद निलंबन हटा

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई पर लगाया निलंबन 15 माह बाद हटा लिया। अब प्रतियोगिताओं के आयोजन का रास्ता साफ हो गया है, जिनमें अम्मान में होने वाली एशियाई चैम्पियनशिप के लिए ट्रायल भी शामिल है। मंत्रालय ने संचालन संबंधी गतिविधियों में खामियों के कारण 24 दिसंबर, 2023 को डब्ल्यूएफआई को निलंबित किया था। नई संस्था का गठन 21 दिसंबर को हुआ था। *विस्तृत खेल पेज पर*

### यूएस में भारतीय मूल की छात्रा लापता

**न्यूयॉर्क।** डोमिनिक गणराज्य में छुट्टियां मनाने गई भारतीय मूल की एक 20 वर्षीय छात्रा लापता हो गई, जिसे ढंढ़ने के लिए अमेरिकी कानून प्रवर्तन एजेंसियां कैरेबियाई देश के अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। भारतीय मूल की सुदीक्षा कोनांकी अमेरिका की स्थायी निवासी हैं। भाषा

### रोहिणी में की महिला दंत चिकित्सक ने आत्महत्या

**नई दिल्ली।** रोहिणी में एक महिला ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मृतक महिला (29) के पति ओशो प्रजापति को गिरफ्तार कर लिया गया है। महिला पेशे से दंत चिकित्सक थी और अपने पति से अलग रह रही थी। भाषा

# मणिपुर में हादसा, बीएसएफ के 3 जवानों की मौत, 13 घायल

*वाहन के खाई में गिरने से हुआ भीषण हादसा, शिविर से लौट रहे थे जवान*

**इंफाल (भाषा)।** मणिपुर के सेनापति जिले के चांगौबंग गांव में एक ट्रक के खाई में गिरने से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के तीन जवानों की मौत हो गई और 13 अन्य लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल के दो जवानों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य जवान ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि मृतकों के शव सेनापति के जिला अस्पताल में रखे गए हैं।

### कई घायलों की हालत गंभीर

अधिकारी ने बताया कि बीएसएफ के घायल जवानों में से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने दुर्घटना में हुई मौतों पर शोक व्यक्त किया। राजभवन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने सेनापति जिले के चांगौबंग गांव में हुए दुःखद हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है, जिसमें बीएसएफ के तीन जवानों की जान चली गई। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बता दें कि मणिपुर में जातीय हिंसा को देखते हुए सेना, असम राइफल्स, बीएसएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी और सीएपीएफ के हजारों जवानों को तैनात किया गया है।

**मणिपुर के राज्यपाल ने दुःख प्रकट किया घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की**

# देश में अब सैटेलाइट से मिलेगा इंटरनेट

**नई दिल्ली (भाषा)।** दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने मंगलवार को कहा कि उसने भारत में अपने ग्राहकों को स्टारलिंक की उच्च गति वाली इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की उपग्रह कंपनी स्पेसएक्स के साथ साझेदारी की है। एयरटेल जल्द ही देश में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस उपलब्ध कराएगी। एयरटेल ने कहा कि यह समझौता स्पेसएक्स को भारत में स्टारलिंक की उपग्रह संचार-आधारित सेवाओं को बेचने के लिए मंजूरी हासिल करने के अधीन है। बयान के मुताबिक, यह समझौता एयरटेल और स्पेसएक्स को यह पता लगाने में सक्षम बनाएगा कि स्टारलिंक एयरटेल की पेशकश को किस तरह पूरक बनाने के साथ विस्तारित कर सकती है। भारती एयरटेल के प्रबंध निदेशक और वाइस चेयरमैन गोपाल विट्टल ने मंगलवार को यह जानकारी दी है।

**एयरटेल और मस्क की स्पेसएक्स के बीच करार**




**दौरा** पीएम मोदी को मॉरीशस के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा जाएगा

# मैं महाकुंभ का पवित्र जल लाया हूं यहां से होली का रंग लेकर जाऊंगा

*प्रधानमंत्री का एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत, राष्ट्रपति धरम की पत्नी को बनारसी साड़ी भेंट की*

## आज राष्ट्रीय समारोह में मुख्य अतिथि होंगे

**पोर्ट लुईस (भाषा)।** पीएम नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को मॉरीशस के राष्ट्रपति धरम गोखुल से मुलाकात की तथा दोनों नेताओं ने खास एवं घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने पर चर्चा की। मंगलवार सुबह दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर मॉरीशस पहुंचे मोदी का यहां भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने 'स्टेट हाउस' में गोखुल से मुलाकात की। मोदी ने बुधवार को मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। वहीं, मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने मोदी को देश का सर्वोच्च सम्मान 'द ग्रांड कमांडर ऑफ ऑर्डर ऑफ स्टार एंड की ऑफ इंडियन ओशन' प्रदान करने की घोषणा की। मोदी मॉरीशस के दो दिन के राजकीय दौरे पर रहेंगे। पीएम मोदी ने इंडियन डायस्पोरा को संबोधित किया। उन्होंने भोजपुरी में अपने भाषण की शुरुआत की। उन्होंने कहा, 'जब 10 साल पहले आज की ही तारीख पर मैं मॉरीशस आया था, उस साल होली एक हफ्ते पहले बीती थी, तब मैं भारत से फगवा की उमंग अपने साथ लेकर आया था। अब इस बार मैं यहां महाकुंभ का गंगाजल लेकर आया हूं और मॉरीशस से होली के रंग अपने साथ लेकर भारत जाऊंगा।'



(पेज 8 भी देखें)

**द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देंगे :** मोदी ने एक्स पर कहा कि हमने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ावा देने के तौर-तरीकों पर चर्चा की।' विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने भारत और मॉरीशस के बीच विशेष और घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

### राष्ट्रपति को भेंट किया गंगाजल

विदेश मंत्रालय के अनुसार, उन्होंने दोनों देशों के बीच साझा इतिहास और दोनों देशों के लोगों के बीच मजबूत संबंधों को याद किया। मोदी ने एक विशेष सम्मान के रूप में राष्ट्रपति गोखुल और प्रथम महिला वृंदा गोखुल को 'ओसीआई कार्ड' सौंपे। उन्होंने महाकुंभ से पीतल और तांबे के बर्तन में संगम का पवित्र जल भी राष्ट्रपति गोखुल को उपहार स्वरूप भेंट किया। गोखुल को बिहार का सुपरफूड मखाना भी भेंट किया।' प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति गोखुल की धर्मपत्नी को सादेली शिल्पकला युक्त बक्से में बनारसी रेशमी साड़ी भेंट की। वाराणसी से आने वाली बनारसी साड़ी एक सांस्कृतिक विरासत है जो अपने बेहतरीन रेशम, खूबसूरत जरी और कसीदाकारी' के काम के लिए जानी जाती है, जबकि गुजरात की सादेली शिल्प कला में सागौन की उम्दा लकड़ी पर पच्चीकारी की जाती है। वार्ता के बाद राष्ट्रपति गोखुल ने प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में राजकीय भोज दिया।

## हंगामेदार रहा बजट सत्र, एक दूसरे पर हमलावर हुए नेता, अरविंद शर्मा और भूपेंद्र हुड्डा ने जमकर कसे तंज

# मंत्री को हुड्डा बोले - तुम भी तो कांग्रेसी थे, शर्मा का जवाब- तुम्हें घोटाले ले बैठे


- डॉ. अरविन्द शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, अशोक अरोडा और कुलदीप वत्स पर जमकर तंज कसे।
- नौकरियों और घोटालों को लेकर हुई बहस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

बजट सत्र का तीसरा दिन हंगामेदार रहा। नेता एक दूसरे पर हमलावर होते नजर आए। सदन में सहकारिता मंत्री डॉ. अरविन्द शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा में भी वाद विवाद हुआ। जहां डॉ. अरविन्द शर्मा ने कांग्रेस शासन के घोटालों और नौकरियों में अनियमितता का मुद्दा उठा रहे थे तो, वहीं हुड्डा ने उन्हें कहा कि तुम भी तो कांग्रेसी ही थे। इस पर सहकारिता मंत्री डॉ. अरविन्द शर्मा ने तंज कसा कि ये जो तुम विपक्ष में बैठे हैं, ये सिर्फ घोटालों की वजह से बैठे हो। डॉ. अरविन्द शर्मा ने सत्र के तीसरे दिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, विधायक अशोक अरोडा और विधायक कुलदीप वत्स पर तंज कसे। पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा से संक्षिप्त भिडंत पर सहकारिता मंत्री डॉ. अरविन्द शर्मा ने कहा, 'इसका मेरा मेल मिले ना, म्हारी माचै रोज लडाई', पर सदन में हंसी के ठहाके लगे। शर्मा ने कहा कि अभी हुड्डा साहब कह रहे थे कि मैं कांग्रेस में था। सारे विपक्ष वाले आखिरकार मेरे आगे ही आकर रूकते हैं और कहीं तो जगह मिलती नहीं।


### जमकर हुई तकरार, खूब कसे तंज, मंत्री की रागिनी पर ठहाके लगे





सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बजट सत्र में अलग-अलग मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा से लेकर वरिष्ठ नेता व विधायक अशोक अरोडा, कुलदीप वत्स पर करारे तंज कसते हुए विधानसभा के अंदर माहौल बदल दिया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा यह कहे जाने पर कि वो भी तो कांग्रेसी सांसद थे, तो कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविन्द शर्मा ने उस दौरान की कार्यप्रणाली से खुद को अलग करने और मतभेदों पर जवाब देते हुए कहा कि वो तो हमेशा एक रागनी गाते हैं कि 'इसका मेरा मेल मिले ना, म्हारी माचै रोज लडाई'। इस पर सदन में ठहागे लगे।

### अरोड़ा ने उठाए सवाल, मंत्री बोले - यह तो देख लो कौन सी सरकार में लगे थे





वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और थानेसर विधायक अशोक अरोडा द्वारा प्रदेश में राजस्व विभाग में अनियमितता के आरोपों और पटवारियों की भ्रष्टाचारी होने की लिस्ट वायरल पर तंज कसते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविन्द शर्मा ने कहा कि 'यह जो पटवारी थे, ये पटवारी न्यू तो देख लो, लगे कब थे। छानबीन कर लो, कौन सी सरकार में लगे थे।' बादली से कांग्रेसी विधायक कुलदीप वत्स द्वारा भाजपा सरकार की नीति को भ्रष्टाचार की नीति बताने पर सहकारिता मंत्री डॉ. अरविन्द शर्मा ने कहा कि 'जनता फैसला करती है, जो आप कह रहे हैं, उसमें कितनी सच्चाई है।' डॉ. अरविन्द शर्मा ने कहा कि मुझे पता है।

## पानीपत के ईएसआई अस्पताल में श्रमिकों के लिए ब्लॉक : सीएम



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्तमान में पानीपत में साढ़े 8 एकड़ भूमि पर ईएसआई हॉस्पिटल संचालित है और शीघ्र ही हॉस्पिटल में एक अतिरिक्त ब्लॉक का निर्माण करवाया जाएगा । मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा सत्र के दौरान विधायक प्रमोद विज द्वारा पूछे गए प्रश्न के संबंध में दी । मुख्यमंत्री ने कहा कि पानीपत में औद्योगिक श्रमिकों की संख्या अधिक है इसके लिए एक अतिरिक्त ब्लॉक की आवश्यकता है । उन्होंने कहा कि शीघ्र ही एक प्रस्ताव तैयार कर ईएसआई हॉस्पिटल पानीपत में अतिरिक्त ब्लॉक के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी । उन्होंने बताया कि सूचीबद्ध निजी अस्पतालों को 5 वर्षों (1 अप्रैल, 2019 से 31 मार्च, 2024) में 34 करोड़ रुपये से अधिक की राशि इलाज के लिए उपलब्ध करवाई गई है।

### चौटाला ने उठाया विषाक्त भूजल का मुद्दा

बजट सत्र के तीसरे दिन प्रश्नकाल के दौरान इनेलो रानियां से विधायक अर्जुन चौटाला ने विषाक्त भूजल से संबंधित प्रश्न पूछा। मंत्री ने एक वेबसाइट का लिंक दिया। लिंक तुरंत खोलने पर लिखा आया कि यह वेबसाइट अंडर मेंटेनेंस है। अर्जुन चौटाला ने कड़ा ऐतराज जताया और कहा कि जो वेबसाइट चल ही नहीं रही है, मंत्री उसका लिंक देकर सदन को गुमराह कर रहे हैं।अर्जुन चौटाला ने कहा कि भूजल की जो रिपोर्ट लोकसभा और सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड ने दी है उस रिपोर्ट में बेहद चौंकाने वाली खतरनाक चीजें सामने आई हैं। जल शक्ति मिशन की रिपोर्ट के अनुसार 23 प्रतिशत पानी के सैंपल में फ्लोराइड की मात्रा डेढ़ मिलीग्राम से ज्यादा पाई गई है।

### पेयजल लाइन बिछाई जा रही : गंगवा

हरियाणा के जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने विधानसभा में बताया कि खरखौदा में पेयजल आपूर्ति बढ़ाने के लिए 4 मिलियन लीटर प्रतिदिन क्षमता के अतिरिक्त जल उपचार संयंत्र के निर्माण तथा छूटी हुई स्वीकृत कॉलोनियों में वितरण प्रणाली बिछाने के लिए 26.46 करोड़ रुपये की लागत की परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है और ये कार्य वर्ष 2026 तक पूरे कर लिए जायेंगे। 2011 की जनगणना के अनुसार खरखौदा की कुल जनसंख्या 25,051 व्यक्ति है। वर्तमान में, कस्बे में पीने के पानी की आपूर्ति रोहतक रोड और दिल्ली रोड पर स्थित दो मौजूदा नहर आधारित जल कार्यों के साथ-साथ 1 ट्यूबवेल से की जा रही है।

**आदित्य सुरजेवाला**

### अध्यापकों के खाली पड़े पदों पर दागे सवाल

कैथल से कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने हरियाणा विधानसभा के सत्र में आज पेपर लीक, अध्यापकों के खाली पड़े पद को लेकर भाजपा सरकार पर तीखे सवाल दागे। आदित्य ने कहा कि हरियाणा के 487 प्राईमरी स्कूलों में एक भी अध्यापक नहीं है। जब स्कूलों में एक भी अध्यापक नहीं है तो सरकार रेशनेलाइज़्ड के तहत अध्यापक कम कर रही है। हरियाणा के सरकारी स्कूलों में 15,680 पद खाली पड़े हुए हैं।

**दिग्विजय**

### युवाओं को रोजगार की गारंटी का मुद्दा उठाया

जजपा प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने युवाओं के लिए रोजगार की गारंटी का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के विधायकों को विधानसभा बजट सत्र के दौरान सदन में पिछली सरकार द्वारा पारित रोजगार गारंटी कानून पर गंभीरता से चर्चा करनी चाहिए। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि आज प्रदेश का युवा बेरोजगारी के चलते लाखों रुपये लगाकर विदेश जाने को मजबूर है और अमेरिका से डिपोर्ट हो रहे हैं।

## पानी किल्लत का न करना पड़े सामना इसलिए सैलजा ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री को लिखा पत्र

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल को पत्र लिख कर भाखड़ा नहर की साफ-सफाई करवा कर पर्याप्त जलापूर्ति करवाने की मांग की है। उन्होंने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल को लिखे पत्र के माध्यम से बताया है कि भाखड़ा नहर जो पंजाब व हरियाणा से गुजरती है उसकी सफाई लंबे अरसे से नहीं हुई है जिस कारण भाखड़ा नहर में पर्याप्त पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इस नहर से सिरसा संसदीय क्षेत्र में भी शाखाएं निकलती है। जिनमें पानी की कमी रहती है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि मेरे संसदीय क्षेत्र सिरसा (हरियाणा) के भाखड़ा नहर से निकलने वाली शाखाओं की साफ-सफाई एवं जल आपूर्ति की समस्या समस्या बन गई है।

## कृषि कानूनों के खिलाफ भाकियू ने किया प्रदर्शन

**चंडीगढ़।** भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने कहा कि किसान जान दे देंगे लेकिन काले कृषि कानूनों को लागू नहीं होने देंगे। सरकार पुराने तीनों कानूनों को फिर से किसानों पर थोपना चाहती है और यह कृषि विपणन पोलिसी उन्हीं तीनों कानूनों का प्रारूप है। यह काले कानून किसानों को बर्बाद करने वाले हैं। उन्होंने सरकार को सख्त लहजे में कहा कि सरकार तुरंत प्रभाव से इस पॉलिसी को रद्द करने का काम करे अन्यथा सरकार को इसका भारी खामियाजा भुगतना पड़ेगा। रतनमान ने कहा कि सरकार किसानों की दुश्मन न बने और किसानों के खिलाफ नए-नए कानून और पोलिसी लाना बंद करे। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 25 नवंबर 2024 को जारी की गई कृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति को हरियाणा विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर वापिस किया जाए और इसे हरियाणा प्रदेश में लागू न किया जाए।

## चंडीगढ़ में हुआ 107 यूनिट्स रक्त एकत्र

**चंडीगढ़।** सीआईएसएफ के 56वें स्थापना दिवस के अवसर पर सीआईएसएफ इकाई पंजाब एवं हरियाणा सिविल सचिवालय] चंडीगढ़ ने विश्वास फाउंडेशन पंचकूला] रेड क्रॉस सोसाइटी चंडीगढ़, पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ के ट्रांसफ्यूजन विभाग, अग्रवाल आई हॉस्पिटल] चंडीगढ़ के सहयोग से मेगा रक्तदान शिविर और ऑखों की जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में 107 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। विश्वास फाउंडेशन सचिव ऋषि सरल विश्वास ने बताया की शिविर का उद्घाटन हरियाणा सरकार के विशेष सचिव स्थापना संवर्तक सिंह, विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास व सीआईएसएफ इकाई पंजाब और हरियाणा सिविल सचिवालय के वरिष्ठ कमांडेंट योगेश प्रकाश सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर मनोज कुमार, भूपेन्द्र सिंह व अन्य कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**हरविंद्र कल्याण ने अनुशासन बनाए रखा**

## बजट सत्र में विस अध्यक्ष की चेयर कर रही चिलिंग प्लांट का काम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़




हरियाणा विधान सभा के बजट सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को विस अध्यक्ष एक बार फिर से विस सदस्यों को नसीहत देते हुए नजर आए। उन्होंने इस दौरान सत्तापक्ष हो या कांग्रेस दोनों ही सदस्यों को टोका साथ ही कहा कि रनिंग कमेंट्री नहीं करें। स्पीकर चेयर चिलिंग प्लांट की भूमिका में नजर आई। प्रश्नकाल समाप्ति पर विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने मिल्क प्लांट की चिलिंग यूनिट का उदाहरण देते हुए सभी सदस्यों से अनुशासन बनाए रखने और सिर्फ और सिर्फ चेयर को संबोधित करने की अपील की। विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि एक बार किसी मिल्क प्लांट के दौरे के दौरान उन्हें बताया गया कि दूध को उबालने के बाद चिलिंग प्लांट में ठंडा किया जाता है।

उसके बाद ही उसे पैक किया जाता है। इस तथ्य को सदन से जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि अगर सदस्य आपस में बात करते हैं इससे सदन में गर्मी बढ़ती है और कभी-कभी यह सदन की मर्यादा के खिलाफ मोड़ ले जाती है। ऐसी परिस्थितियों में चेयर का चिलिंग प्लांट जैसा काम हो जाता है। जो सदस्य चेयर के माध्यम से बात रखेंगे वह बात आगे जाने से पहले ठण्डी हो जाएगी। सभी सदस्य चेयर के माध्यम से बात रखें और व्यक्तिगत टिप्पणी करने से बचें।

### सभी अपनी बात रखें

विस अध्यक्ष ने बताया कि कार्य सलाहकार समिति की बैठक में माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के लिए 10 घण्टे और 30 मिनट का समय तय हुआ है। उसके मुताबिक अभिभाषण पर बोलने के लिए हर सदस्य को 7 मिनट का समय मिलेगा। यह भी एक व्यवस्था रहेगी कि अगर कोई माननीय सदस्य माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर अपनी बात रखने से वंचित रह जाएगा तो उसको बजट पर चर्चा के समय प्राथमिकता दी जाएगी। सभी सदस्य समय की सीमा का भी ध्यान रखें।




## खबर संक्षेप

### बैंकिंग क्षेत्रों में बढ़ रहा महिलाओं का दबदबा

**पंचकूला।** भाजपा जिला मुख्यालय पंचकमल में राष्ट्रीय निर्माण संवाद श्रृंखला की चौथी कड़ी में हरियाणा प्रदेश के संयुक्त कोषाध्यक्ष वरिंदर गर्ग ने आर्थिक जागरूकता विषय पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा, सशक्त भारत के निर्माण लिए अठारह वर्ष से ऊपर के सभी नागरिकों को इंकम टैक्स जरूर भरना चाहिए। वरिंदर गर्ग ने बताया कि भारत के बैंकिंग क्षेत्रों में लगभग 33 प्रतिशत पैसा महिलाओं का है।

### समाज के विकास के लिए लैंगिक समानता जरूरी

पंचकूला। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन कर संस्थान की लैंगिक समानता और स्वास्थ्य व शिक्षा में महिलाओं के सशक्तिकरण की प्रतिबद्धता का प्रमाण था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शारदा कथपालिया, अध्यक्ष, इनर व्हील्स एनजीओ, एवं डॉ. अनुराग विजयवर्गीय, वरिष्ठ आयुर्वेदिक सलाहकार, हिमाचल प्रदेश सरकार रहे। मुख्य वक्तव्य में कथपालिया ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में बाधाओं को तोड़ने और महिलाओं के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

### नए उद्योग लगाने पर टैक्स में छूट मिले

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने व्यापारी व उद्योगपतियों से बातचीत करने उपरांत कहा कि गांव स्तर पर छोटे व मध्यम उद्योग लगाने पर सरकार को बजट में 25 लाख रुपए तक बिना ब्याज लोन देना चाहिए। हरियाणा में नए उद्योग लगाने पर सरकार को 5 साल तक हरियाणा के एसजीएसटी में पूरी तरह छूट होनी चाहिए ताकि पहले की तरह गांव स्तर के भारी तादाद में उद्योग स्थापित हो सके।

### युवक को गोली मारने का आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** फर्रुखनगर एरिया में रंजिश के चलते गोली मारकर युवक की हत्या करने के मामले में फर्रुखनगर क्राइम ब्रांच ने 20 हजार रुपए के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी व रोहित (मृतक) दोस्त थे। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक व्यक्ति की हत्या करने की योजना बनाई थी। जिसका खुलासा रोहित ने कर दिया था। इसी रंजिश के चलते उसकी हत्या की गई थी। पुलिस ने आरोपी को आगामी पूछताछ व बरामदगी के लिए अदालत में पेश कर दिया और चार दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया है।

अधिगृहित भूमि के मुआवजे को लेकर खींचतान, नौ गांवों के किसान धरने पर

# नूंह में किसानों और पुलिस में झड़प महिलाएं जेसीबी पर चढ़ी, गिरफ्तार

■ 54 महिलाओं सहित 107 किसानों पर सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में केस दर्ज

कासिम खान ⏭ नूंह

रमजान के महीने में मुआवजा को लेकर संघर्ष कर रहे 9 गांव के किसानों की पुलिस के साथ झड़प हो गई। पुलिस विभाग ने 54 महिला किसानों सहित 107 किसानों पर सरकारी काम में बाधा डालने, गैर कानूनी तरीके से भीड़ एकत्रित करने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने सहित विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए सैक़डों किसानों को अदालत में पेश करने की तैयारी में नूंह पुलिस जुट गई है। खास बात यह है कि सोमवार को भी 16 नामजद सहित करीब 100 अन्य लोगों पर पुलिस विभाग ने मुकदमा दर्ज किया था।

- सरकार ने आईएमटी रोजका मेव के लिए 9 गांव की 1600 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया
- विरोध के बाद किसानों को 46 लाख रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया गया
- किसान कर रहे ज्यादा मुआवजा देने की मांग

आपको बता दें कि आईएमटी रोजका मेव के लिए वर्ष 2010 में तकरीबन 9 गांव की 1600 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया था। किसानों को शुरुआत में 25 लाख रुपए मुआवजा राशि दी गई और बाद में धरना - प्रदर्शन करने के बाद 21 लाख रुपए प्रति एकड़ बढ़ाते हुए कुल 46 लाख रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा राशि दी गई थी।





### किसानों ने काम रुकवाया

जिसके बाद वहां पर भारी पुलिस बल की तैनाती मंगलवार सुबह से ही की गई थी। तहसीलदार व बीडीपीओ को ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाया गया था। इस दौरान बड़ी तादाद में नौ गांव के किसान बच्चों व महिलाओं को साथ लेकर आईएमटी सोहना में पहुंचे और विकास कार्य में लगी जेसीबी मशीन को जबरन रुकवा दिया। पुलिस के साथ जमकर नोकझोंक हुई।

### पिछले आठ माह से प्रदर्शन कर रहे किसान

लेकिन इस दौरान फरीदाबाद जिले के चंदावली व मच्छगर गांव में करोड़ों रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिया गया। किसान इसी बात को लेकर फिर से पिछले करीब 8 महीने से धरना - प्रदर्शन कर रहे हैं और कई बार उन्होंने आईएमटी सोहना का विकास कार्य देख रही एचएसआईआईडीसी का कामकाज रुकवा दिया था। सोमवार को भी किसानों ने एचएसआईआईडीसी का काम रुकवाया था।

### किसानों को बसों में भरकर नूंह ले गई पुलिस

पुलिस ने अब एचएसआईआईडीसी के असिस्टेंट मैनेजर अरुण कुमार की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। अब इस मामले में कई सालों बाद नया मोड़ आ गया है। किसानों ने जब गिरफ्तारी दी तो उन्होंने स्थानीय नेताओं के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की। 107 किसानों को हरियाणा रोडवेज की चार बसों आईएमटी सोहना से नूंह ले जाया गया। इनमें से कुछ किसानों को पुलिस लाइन तो कुछ किसानों को महिला थाने ले जाया गया। गिरफ्तारी के कई घंटे बाद पुलिस ने अब मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसकी जानकारी पुलिस प्रवक्ता कृष्ण कुमार ने मीडिया को दी है। बुधवार को भी यह मामला गर्म रहने वाला है क्योंकि बड़ी तादात में गिरफ्तार किए गए किसानों को अदालत में पेश किया जाएगा। मामले को लेकर दिनभर तनाव बना रहा।

### उपायुक्त ने की शांति की अपील

दूसरी तरफ उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने किसानों से शांति बनाए रखने की अपील की है और साथ ही कहा है कि विकास कार्य में बाधा ना बनें। किसी भी समस्या का समाधान बातचीत के जरिए हो सकता है।

## स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकराकर पलटी, तीन दोस्तों की मौत

■ चार युवक घायल, पुलिस ने मामले की जांच की शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना फतेहाबाद

फतेहाबाद रोड पर लॉर्ड कृष्णा स्कूल के सामने तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। गाड़ी पुलिया से टकराई और कई पलटे खाते हुए सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। हादसे में तीन दोस्तों की मौत हो गई जबकि चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एक्सीडेंट के बाद धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। घायलों को गाड़ी से निकालकर सीएचसी भूना पहुंचाया। डॉक्टरों ने डांगरा गांव के 35 वर्षीय नरेश उर्फ सोनी और अमानी गांव के 34 वर्षीय कृष्ण कुमार को मृत घोषित कर दिया जबकि चंदड़ख़ुर्द गांव के 29 वर्षीय सुखजिंद्र सिंह ने रास्ते में दम तोड़ दिया। डांगरा गांव के 27 वर्षीय विक्रम उर्फ विक्की बराला, 30 वर्षीय नरेश कुमार, जमालपुर के 31 वर्षीय ईश्वर जोत उर्फ नोखा और अमानी गांव के 32 वर्षीय ओम प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए अग्रोहा और हिसार रेफर किया गया है। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष प्रदीप कुमार मौके पर पहुंचे। एसपी और डीएसपी को हादसे की जानकारी दी। डीएसपी कुलवंत सिंह ने घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक नरेश उर्फ सोनी के बड़े भाई बिरमपाल के बयान पर इतफाकिया कार्रवाई की। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। देर शाम डांगरा, चंदड़ख़ुर्द और अमानी गांव में अंतिम संस्कार किया गया।

### बारातियों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया

रात को हादसे का शिकार हुई काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी में सात दोस्त सवार थे। उसी दौरान फतेहाबाद की ओर से आ रही एक बारात रुकी। बारातियों ने घायलों को निकालने में मदद की। एंबुलेंस और पुलिस की सहायता से सभी को अस्पताल पहुंचाया। बाराती दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को अपनी बारात की स्कॉर्पियो समझ रहे थे। बाद में घायलों को अस्पताल पहुंचाकर चले गए।

## रेन वाटर टैंक में गिरने से 3 साल के मासूम की मौत

**रेवाड़ी।** गढ़ी बोलनी रोड पर बीएमजी एलीगेंट सिटी में बने ईडब्ल्यूएस फ्लैटों के पास मंगलवार दोपहर करीब 3 साल के मासूम बच्चे की रेन वाटर टैंक के मैनहोल में गिरने से मौत हो गई। कई दिनों से खुला मैनहोल मासूम की मौत का कारण बन गया। मृतक परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी मौत के बाद बिल्डर तुरंत हरकत में आ गया। आनन-फानन में सभी मैनहोल पर ढक्कन लगाने का कार्य शुरू किया गया। दूसरी ओर मॉडल टाउन थाना पुलिस ने बिना किसी नाम के लापरवाही से मौत का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की है। यूपी के बुलंदशहर निवासी उष्मान खान मेहनत मजदूरी का कार्य करता है। वह परिवार के साथ ईडब्ल्यूएस के फ्लैट में रहता है। उसका लगभग 3 साल का बेटा अदनान दोपहर करीब



साढ़े 12 बजे घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान वह एक खुले टैंक में गिर गया। अन्य बच्चों के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने बच्चे को गहरे टैंक से बाहर निकाला। परिवार के सदस्य उसे लेकर अस्पताल ले जा रहे थे, परंतु उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। उष्मान अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी मौत से परिवार का चिराग बुझ गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मासूम के शव का पोस्टमार्टम कराते हुए आगामी कार्रवाई शुरू कर दी।

## संयुक्त बाढ़ प्रबंधन एवं सूचना प्रणाली तैयार होगी : मिश्रा



**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य तकनीकी सलाहकार समिति की चेयरमैन सुमिता मिश्रा ने राजस्व एवं सिंचाई विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि वह 15 अप्रैल तक संयुक्त बाढ़ प्रबंधन एवं सूचना प्रणाली तैयार करने का प्रस्ताव भेजें ताकि हरियाणा राज्य को बाढ़ मुक्त प्रदेश बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि 22 मार्च को पंचकूला में जल शक्ति अभियान की शुरुआत की जाएगी। मिश्रा समिति की 54वीं बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। बैठक में सिंचाई विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल, कृषि विभाग के महानिदेश राज नारायण कौशिक, विभाग के प्रशासक एवं प्रमुख अभियंता डॉक्टर सतबीर सिंह कादिया, अन्य अधिकारिगण तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंडलायुक्त तथा सभी जिलों के उपायुक्तों ने शिरकत की। संयुक्त बाढ़ प्रबंधन एवं सूचना प्रणाली' उत्तर प्रदेश और बिहार की तर्ज पर बनाई जाएगी जिसके तहत राज्य को बाढ़ मुक्त करने में सहायता मिलेगी। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।

## डंकी रूट : यूएस के लिए निकले युवक को बंधक बनाया, तीन एजेंटों पर केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

अमेरिका भेजने का झांसा देकर मोहना गांव निवासी युवक युवराज को डोंकरों की ओर से बंधक बना डॉलर मांगने के मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ पूंडरी थाना में केस दर्ज किया गया है। यह तीनों आरोपी ही एजेंट हैं, जिनमें से दो कैथल के दुसैन गांव के रहने वाले हैं और एक कुरुक्षेत्र का निवासी है। इस मामले में पूंडरी थाना में युवराज के पिता कुलदीप सिंह की शिकायत पर कुरुक्षेत्र निवासी एजेंट माइकल उर्फ नीटू व दुसैन निवासी नवजोत व देवेंद्र के खिलाफ इमिग्रेशन एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। युवराज के पिता कुलदीप ने पूंडरी थाना में दी गई शिकायत में बताया कि उसने अपने बेटे युवराज को अमेरिका भेजने के लिए कुछ एजेंटों से संपर्क किया था। एजेंटों ने 41 लाख रुपये में सौदा तय किय। उसे कहा कि पैसे तभी लेंगे, जब युवराज अमेरिका पहुंच जाएगा, लेकिन एजेंटों ने अलग-अलग बहानों से 14 लाख रुपये पहले ही ले लिए। भारत से जाते वक्त एजेंटों ने शुरू में ही युवराज का पासपोर्ट ले लिया। इसके बाद अक्टूबर 2024 में उसे डंकी रूट से अमेरिका के लिए रवाना कर दिया गया। शुरूआत में तो बेटे से फोन पर बातचीत होती रही। मगर, कुछ दिन से उसके फोन आने बंद हो गए।

- युवक ने एजेंटों को दिए थे 41 लाख रुपये
- डोकरों ने बंधक बनाकर परिजनों ने मांगे डॉलर

### ग्वाटेमाला में बंधक, मारपीट कर रहे डोंकर

इस बीच उनके मोबाइल पर वीडियो भेजे गए, जिसमें उनके बेटे युवराज को ग्वाटेमाला देश में बंधक बनाना बताया गया। वीडियो में बेटे के साथ एक युवक और नजर आ रहा है, जो पंजाब का बताया गया है। वीडियो में डोंकर दोनों युवकों को फर्श पर उल्टे लेटाकर थप्पड़ मारते दिख रहे हैं। पिस्टल को लोड कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। दोनों युवक काफी डरे हुए लग रहे हैं। उन्होंने डोंकरों से हाथ जोड़कर मारपीट न करने की गुहार लगाई। वीडियो में बेटे के साथ मारपीट होती देख परिवार बेहद परेशान है। उसने तुरंत उन एजेंटों ने संपर्क साधा और वीडियो दिखाते हुए बेटे को बचाने की गुहार लगाई। एजेंटों ने साफ कह दिया कि फिरौती की रकम तो देनी ही होगी, नहीं तो बेटा वापस नहीं आएगा। युवराज ने कहा पापा जी इन्होंने हमें बंधक बना लिया है। वीडियो उसके बेटे कहा कि पापा प्लीज पैसे दे दो। ये मार देंगे। पूंडरी थाना प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि इस मले में पुलिस ने तीन एजेंटों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जल्द ही इन आरोपियों को गिरफ्तार भी किया जाएगा।

## नायब सैनी का सीएम के तौर पर एक साल पूरा होने पर बड़ौली ने दी बधाई



■ सरकार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए : बड़ौली

**चंडीगढ़।** नायब सैनी को मुख्यमंत्री बने हुए एक साल पूरा होने पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नायब सैनी 'नायाब' मुख्यमंत्री है और अपने एक साल के कार्यकाल में ही नायब सैनी ने अपनी एक अनूठी और नायाब पहचान बनाई है। बडौली ने कहा कि सीएम के तौर पर सैनी का पहला साल, बेमिसाल रहा है। गौरतलब है कि पिछले साल लोकसभा चुनाव से पहले 12 मार्च को ही भारतीय जनता पार्टी ने नायब सैनी को विधायक दल का नेता चुनकर उन्हें मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंपी थी और उसके बाद हुए चुनाव में उनके चेहरे पर ही पार्टी ने प्रदेश में चुनाव लड़ा था।



# आईपीएल के इतिहास में विराट ने पकड़े सबसे ज्यादा कैच, टॉप 10 में चार विदेशी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आईपीएल 2025 का काउंटडाउन शुरू हो गया है। 22 मार्च से 18वें सीजन का आगाज होगा। इस बार कई टीमें बदली-बदली नजर आने वाली हैं, क्योंकि मेगा ऑक्शन के बाद प्लेयर इधर-उधर हुए हैं। 4-5 टीमों ने अपने कप्तान बदले हैं।

18वें सीजन में एक तरफ जहां चौके-छक्के दिखेंगे तो वहीं दूसरी तरफ फील्डिंग में भी कमाल दिखने वाला है। इन टीमों में कई ऐसे खिलाड़ी हैं, जो कैच लपकने में कोई गलती नहीं करते.।आईपीएल के इतिहास में 10 ऐसे खिलाड़ी हुए हैं, जिन्होंने अपनी फील्डिंग से ना सिर्फ सबका दिल जीता बल्कि सबसे ज्यादा कैच पकड़ने की लिस्ट में जगह बनाई।



### लिस्ट में भारतीयों का जलवा

सबसे ज्यादा कैच लेने की लिस्ट में भारतीय खिलाड़ियों का जलवा है। नंबर एक पर सबके चहेते विराट कोहली हैं, जिनके नाम अब तक 114 कैच हैं. दूसरे नंबर पर मिस्टर आईपीएल कहे जाने वाले सुरेश रैना का नाम है, जिन्होंने अपने करियर में 109 कैच लिए थे। आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले खिलाड़ी ...

**कोहली : 114 कैच**

साल 2008 से 2024 तक विराट कोहली ने आईपीएल में 252 मैच खेले और 114 कैच लिए।

**रैना : 109 कैच**

चेन्नई और गुजरात लायंस के लिए खेलने वाले सुरेश रैना ने 205 मैचों में 109 कैच लिए हैं।

**पोलार्ड : 103 कैच**

वर्ष 2010 से 2022 तक आईपीएल में मुंबई के लिए खेलने वाले इस दिग्गज ने अपने करियर के 189 मैचों में 103 कैच लपके हैं।



**जडेजा ने किए 103 शिकार**

आईपीएल में 4 टीमों के लिए खेल चुके रवींद्र जडेजा ने 240 मैचों में 103 कैच लिए हैं। वो आईपीएल 2025 में सीएसके का हिस्सा हैं।

**रोहित ने 101 को किया आउट**

मुंबई इंडियंस के लिए अपनी कप्तानी में 5 खिताब दिलाने वाले रोहित ने 257 मैचों में 101 कैच लिए हैं. इस बार वो बतौर कप्तान नजर आएंगे।

**शिखर धवन 99 कैच**

बाएं हाथ के इस स्टार बल्लेबाज ने 2008 से 2024 तक 222 मैचों में 99 कैच लिए. वो आईपीएल 2025 में नजर नहीं आएंगे.

**डिविलियर्स 90 को भेजा वापस**

आईपीएल में 2008 से 2021 तक आरसीबी के लिए खेलने वाले इस दिग्गज ने 184 मैचों में 90 कैच लिए थे।

**वॉर्नर 86, पांडे ने 83 कैच**

बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 2009 से 2024 तक 184 मैच खेले, जिसमें 86 कैच लिए। आईपीएल 2025 में यह खिलाड़ी नजर नहीं आएगा।

मनीष पांडे- आईपीएल में 7 अलग-अलग टीमों से खेल चुके मनीष पांडे 171 मैच खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 83 कैच लपके हैं।

**फाफ डु प्लेसिस के 81 कैच**

आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स समेत 3 टीमों के लिए खेल चुके फाफ ने 145 मैचों में 81 कैच लिए हैं।

## खबर संक्षेप



### रोनाल्डो ने अल नासर को क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया

**रियाद।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से सऊदी अरब के अल नासर ने सोमवार को यहां ईरान के एस्टेघलाल को 3-0 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। रोनाल्डो दिसंबर 2022 में अल नासर से जुड़े थे लेकिन अभी तक रियाद के इस क्लब के लिए कोई ट्रॉफी नहीं जीत पाए हैं। वह पिछले सप्ताह अंतिम 16 के दौर के पहले चरण के मैच में गोल नहीं कर पाए थे। पहले चरण का मैच गोल रहित बराबरी पर छूटा था और इस तरह से अल नासर ने 3–0 के कुल अंतर से जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। रोनाल्डो ने 26वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किया।

### प्रणय ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप से बाहर

**बर्मिंघम।** भारत के एचएस प्रणय पुरुष एकल के पहले दौर में मंगलवार को यहां फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव के खिलाफ सीधे गेम में शिकस्त के साथ ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप से बाहर हो गए। विश्व चैंपियनशिप 2023 और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता 32 वर्षीय प्रणय को दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी पोपोव के खिलाफ 53 मिनट में 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के 29वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए 6-1 की बढ़त बनाई थी। प्रणय एक समय 15-12 से आगे थे लेकिन पोवोव के दबाव के आगे पिछड़ गए।

### स्मृति व पैरी ने आरसीबी को मुंबई पर जीत दिलाई

**मुंबई।** कप्तान स्मृति मंधाना और एलिस पैरी की अगुआई में बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद स्नेह राणा की फिरकी के जादू से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने महिला प्रीमियर लीग के अंतिम लीग मैच में मंगलवार को यहां मुंबई इंडियन्स को 11 रन से हराकर सांत्वना भरी जीत दर्ज की। मुंबई की हार के साथ दिल्ली कैपिटल्स ने 15 मार्च को होने वाले फाइनल में जगह बनाई। मुंबई और गुजरात जाइंट्स के बीच अब एलिमिनेटर 13 मार्च को खेला जाएगा।

## भारतीय कुश्ती महासंघ पर 2023 में सरकार ने लगाया था प्रतिबंध

# भारतीय कुश्ती महासंघ से हटा निलंबन, अब हो सकेगा इंटरनेशनल टूर्नामेंट के लिए टीम चयन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगाए गए निलंबन को हटा दिया है, जिससे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए पहलवानों का चयन फिर से संभव हो सकेगा। अब तक स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इं

डिया और एडहॉक कमेटी महासंघ की प्रशासनिक जिम्मेदारियां संभाल रही थीं। खेल मंत्रालय ने अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप की जल्दबाजी में घोषणा करने के कारण 24 दिसंबर, 2023 को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था। संजय सिंह के नेतृत्व वाली समिति ने 21 दिसंबर, 2023 को डब्ल्यूएफआई का चुनाव जीता था, लेकिन पूर्व डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के गढ़ गोंडा के नंदिनी नगर में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए स्थल के चयन से सरकार नाराज थी। मंत्रालय ने अपने आदेश में कहा कि डब्ल्यूएफआई ने सुधारात्मक कदम उठाए हैं, इसलिए उसने निलंबन हटाने का फैसला किया है।



### महिला पहलवानों के विरोध से बढ़ा विवाद

इस पूरे विवाद की जड़ में महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन शोषण के गंभीर आरोप थे। 16 जनवरी 2023: ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और अन्य महिला पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई के तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जंतर-मंतर पर धरना दिया। अप्रैल 2023: जब सरकार से ठोस कार्रवाई की उम्मीद नहीं दिखी, तो पहलवानों ने दोबारा प्रदर्शन किया। 21 अप्रैल 2023: दिल्ली पुलिस को संबोधित 6 महिला पहलवानों ने बृजभूषण सिंह और महासंघ के सचिव विनोद तोमर के खिलाफ शिकायतें दर्ज कराईं, जिसमें 8-9 साल से चले आ रहे यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए गए थे।

### 15 महीने बाद हटा प्रतिबंध

2023 में भारतीय कुश्ती महासंघ पर प्रतिबंध लगाया गया था, जब नवनियुक्त अध्यक्ष संजय सिंह ने पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के गृह क्षेत्र में राष्ट्रीय जूनियर चैंपियनशिप आयोजित करने की घोषणा की थी। इस फैसले के तुरंत बाद 24 दिसंबर 2023 को खेल मंत्रालय ने महासंघ को निलंबित कर दिया था।

### साक्षी ने लिया था संन्यास



22 दिसंबर 2023: बजरंग पूनिया ने महासंघ के चुनाव में संजय सिंह की जीत के विरोध में अपना पद्मश्री सम्मान वापस करने की घोषणा की। 21 दिसंबर 2023: साक्षी मलिक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जूते मेज पर रखकर कुश्ती से संन्यास की घोषणा की थी।

### डब्ल्यूएफआई का फैसला खिलाड़ियों की जीत

भारतीय कुश्ती महासंघ से निलंबन हटाने के केंद्र सरकार के फैसले का इस खेल संस्था के पूर्व अध्यक्ष और कैसरगंज से पूर्व सांसद



बृजभूषण शरण सिंह ने स्वागत किया है। बृजभूषण ने कहा, "26 महीनों तक तमाम षड्यंत्र रचे गए, झूठे आरोप लगाए गए और भारतीय कुश्ती को ठप करने की कोशिशें हुईं लेकिन साजिश करने वाले अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सके। इस विवाद के चलते टीम दो विश्व रैंकिंग अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले सकीं। प्रशिक्षण शिविर बंद हो गए और कुश्ती जगत को भारी नुकसान उठाना पड़ा।' साथ ही उन्होंने अध्यक्ष संजय सिंह और अन्य पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे खिलाड़ियों के हित में निष्पक्ष निर्णय लें और किसी भी प्रकार के भेदभाव से बचें।

### मुझे पूर्ण विश्वास था निलंबन हटेगा : संजय सिंह

वाराणसी में महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि निलंबन खत्म होने पर अब कुश्ती



सुचारू रूप से चलेगी। उन्होंने कहा मैं देश और पहलवानों के हित के लिए काम कर रहा था, इसलिए मुझे पूर्ण विश्वास था कि कुश्ती संघ से निलंबन हटेगा। कुश्ती के खिलाड़ियों का ढाई साल से शिविर नहीं लग रहा था। निलंबन हटने के बाद खिलाड़ी शिविर में नई-नई तकनीक सीखेंगे।

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025

# नहीं मिला मौका, पानी पिलाते रहे ये खिलाड़ी, फिर भी मिला तमगा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने दुबई के मैदान पर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम को 4 विकेट से मात देकर तीसरी बार खिताब अपने नाम किया। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम के सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

वहीं, 3 ऐसे खिलाड़ी भी रहे जिन्हें पूरे टूर्नामेंट के दौरान एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला। लेकिन खास बात यह है कि ये तीनों खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों की सेवा में लगे रहे और जब जिसकी जो डिमांड हुई उसे पूरी की। इन सबके बावजूद बेंच पर बैठे-बैठे ही इन तीनों खिलाड़ियों के नाम एक उपलब्धि जुड़ गई वो ये कि ये खिलाड़ी भी चैंपियंस ट्रॉफी विजेता टीम के सदस्य कहलाएंगे।

बीसीसीआई ने जब चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया था, तब जसप्रीत बुमराह स्क्वाड का हिस्सा थे। हालांकि, बाद में चोट के कारण उन्हें बाहर होना पड़ा।

पी. एम. श्री के.वि.कोनसीवास, रेवाड़ी एवं पी. एम. श्री .के.वि. भाकली, रेवाड़ी
वर्ष 2025-26में संविदात्मक शिक्षकों की नियुक्ति के लिए संयुक्त पैनल तैयार करने हेतु साक्षात्कार

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | 02-04-2025 (बुधवार) सुबह 09:00 बजे से साक्षात्कार | बालवाटिका शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक, कंप्यूटरअनुदेशक, खेलकूद कोच, आत्मरक्षा प्रशिक्षक एंव योग प्रशिक्षक, नर्स, परामर्शदाता (काउंसलर), संगीत शिक्षक, कला शिक्षक (Art & Craft), special educator | साक्षात्कार आयोजन स्थल पी. एम. श्री के.वि. रेवाड़ी |
| 2 | 03-04-2025 (वीरवार) सुबह 09:00 बजे से साक्षात्कार | पी.जी.टी.(हिंदी,अंग्रेजी, भूगोल, इतिहास, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, भौतिकी, रसायनशास्त्र, जीव-विज्ञान, गणित, कंप्यूटरविज्ञान), टी०जी०टी (हिंदी, अंग्रेजी,गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, संस्कृत) | |

नोट:-
1. सभी इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन, स्वयं सत्यापित दस्तावेजों सहित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रेवाड़ी में दिनांक 29.03.2025 तक जमा करें | आवेदन पोस्ट/स्पीड पोस्ट/By Hand सभी तरह से स्वीकार्य होंगे| दिनांक 29.03.2025 के बाद कोई आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे|
2. शैक्षणिक योग्यता सम्बन्धी सभी जानकारी केन्द्रीय विद्यालय संगठन की वेबसाइट www.kvsangathan.nic.in पर उपलब्ध है |
3. उक्त विज्ञापन पूर्णतः अस्थायी नियुक्ति हेतु है, जिसके कार्यकाल की गारंटी नहीं दी जा सकती |
4. साक्षात्कार के पूर्व स्क्रीनिंग हेतु लिखित परीक्षा ली जा सकती है | साक्षात्कार 100 अंकों का होगा, जिसमें विषय की दक्षता, सामान्य जानकारी, अध्यापन कौशल एवं संप्रेषण आदि होंगे |
5. अभ्यार्थी अंग्रेजी व हिंदी दोनों भाषाओं में पढाने में निपुण हो |
6. साक्षात्कार के समय मूल प्रमाण-पत्र लेकर आना आवश्यक है |
7. पंजीकरण फार्म विद्यालय वेबसाइट (https://rewari.kvs.ac.in/ or https://bhakli.kvs.ac.in//) से डाउनलोड करें |
8. दस्तावेजों की जांच के उपरांत केन्द्रीय विद्यालय संगठन के नियमानुसार साक्षात्कार के लिए पात्र अभ्यर्थियों की सूची पी.एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय रेवाड़ी की वेबसाइट (https://rewari.kvs.ac.in/) पर दिनांक 01.04.2025 को सायं 05:00 बजे तक डाल दी जाएगी|

दूरभाष: के.वि. रेवाड़ी-01274-260031
के.वि. भाकली-01259-275103

प्राचार्य
के. वि. कोनसीवास, रेवाड़ी
के.वि. भाकली, रेवाड़ी

# राहुल ने ठुकराई डीसी की कप्तानी अक्षर पटेल को मिल सकती है कमान

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की शुरुआत 22 मार्च से होनी है। आगामी सीजन में दिल्ली कैपिटल्स अपने अभियान की शुरुआत 24 मार्च को करेगी। हालांकि, टीम ने अब तक कप्तान की नियुक्ति नहीं की है। इस बीच खबर है कि केएल राहुल ने दिल्ली की कप्तानी को ठुकरा दिया है।

ऐसे में टीम के प्रमुख ऑलराउंडर अक्षर पटेल को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपीं जा सकती है। ऐसी खबर है कि राहुल ने कप्तानी संभालने के बजाय खिलाड़ी के तौर पर योगदान देना बेहतर समझा। डीसी की टीम से जुड़े सूत्रों ने मंगलवार को कहा, अक्षर पटेल को आईपीएल 2025 के लिए डीसी का कप्तान बनाए जाने की संभावना है। फ्रेंचाइजी ने राहुल को टीम का कप्तान बनाने के लिए कहा था, लेकिन वह आगामी टूर्नामेंट में खिलाड़ी के तौर पर खेलना चाहते हैं।



**अक्षर को दिल्ली ने किया था रिटेन**

आईपीएल 2024 में जब डीसी के कप्तान ऋषभ पंत को ओवर-रेट अपराध के लिए निलंबित किया गया था, तब अक्षर ने दिल्ली की कप्तानी की थी। वह अब आईपीएल 2025 के लिए पूर्णकालिक कप्तान के रूप में कार्यभार संभालने के लिए तैयार हैं। वह 2019 से इसी फ्रैंचाइजी के साथ हैं और बड़ी नीलामी से पहले उन्हें 18 करोड़ रुपये की भारी कीमत पर रिटेन किया गया था।

### भारत ने चक्का फेंक एफ11 स्पर्धा में क्लीव स्वीप किया, प्रीति को 100 रजत

**नई दिल्ली।** भारत ने विश्व पैरा ग्रां प्री एथलेटिक्स प्रतियोगिता के पहले दिन पुरुषों की चक्का फेंक एफ11 स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया जब सागर ने मंगलवार को यहां 34.84 मीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारत के बालाजी राजेंद्रन ने इसी स्पर्धा में 26.98 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता जबकि जनक सिंह हरसाना ने 25.13 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। महिलाओं की 100 मीटर स्पर्धा में टी35, टी36, टी38 और टी44 सामूहित वर्ग में ऑस्ट्रेलिया की रियानोन क्लार्क ने 13.14 सेकेंड के समय से खिताब जीता। भारत की प्रीति पाल ने 14.85 सेकेंड के साथ रजत पदक हासिल किया। ब्राजील के जोफरसन मारिन्हो डी ओलिवेरा ने पुरुषों की 100 मीटर टी11 और टी12 श्रेणी में 11.17 सेकेंड से स्वर्ण पदक जीता जबकि भारत ने विशु और प्रगतिश्वर राजा मूर्ति ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किए। पुरुषों की 100 मीटर टी13 स्पर्धा में बोत्सवाना के बोस मोकगवती ने 11.55 सेकेंड में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने अपने एडविन मासुगे को मामूली अंतर से पछाड़ा 11.57 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता। भारत के मीत हरेशकुमार तधानी ने 11.63 सेकेंड में दौड़ पूरी कर कांस्य पदक जीता।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हारट्रोन | 03 वर्ष की सबस्क्रिप्शन/वारंटी अवधि सहित 1 अदद यूएफईडी 4 पीसी क्लाउड और फोरेंसिक वर्कस्टेशन की खरीद। | 11.03.2025 25.03.2025 | 68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722704922 [illegible] |
| 2 | हारट्रोन | आबकारी व कराधान की ओर से 845 अदद डेस्कटॉप कम्प्यूटर की खरीद। | 11.03.2025 25.03.2025 | 4.64 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1722704922 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/32726/I/88/6 दि. 11.03.25

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी भिवानी | दादरी निर्वाचन क्षेत्र जिला चरखी दादरी में गांव समसपुर से भागवी तक सम्पर्क सड़क का निर्माण (आईडी-11467)। | बंद होने की तिथि 17.03.2025 | 90.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664242782 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/32731/I/88/6 दि. 11.03.25

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में मेजबान पाकिस्तान की हुई किरकिरी

# टीम इंडिया के दिए जख्मों को कभी नहीं भूलेगा पाकिस्तान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शुरू से ही विवादों में घिरी रही चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान की ऐसी किरकिरी हुई कि जिसे वह जिंदगी भर नहीं भुला पाएगा। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने एक बार फिर से अपना दबदबा साबित किया और पाकिस्तान से छीनकर तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया।

दुबई में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को हराया, जिससे पाकिस्तान के लिए तीन बड़े झटके सामने आए हैं जिनका दर्द शायद पाकिस्तान कभी नहीं भूल पाएगा।



### जले पर छिड़का नमक, छीना ताज़

पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में डिफेंडिंग चैंपियन था, लेकिन अब यह खिताब उसके हाथ से निकल चुका है। पहले तो पाकिस्तान सेमीफाइनल तक भी पहुंचने में नाकाम रहा,और फिर भारत ने फाइनल जीतकर पाकिस्तान के जख्मों पर नमक छिड़का। 2017 में पाकिस्तान ने भारत को फाइनल में हराकर चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था, लेकिन अब भारत ने 2025 में पाकिस्तान से यह ताज छीन लिया है।

### भारत ने पाकिस्तान को हराया

भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी में हमेशा रोमांचक मुकाबले होते हैं, लेकिन इस बार भारत ने पाकिस्तान को शानदार तरीके से हराया। पाकिस्तान की टीम को दुबई में 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारत के कप्तान विराट कोहली ने शानदार शतक जमाया। टीम इंडिया ने पाकिस्तान को बुरी तरह हराकर चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। पाकिस्तान इस हार के बाद ही टूर्नामेंट से बाहर हो गया। पाक टीम की पाकिस्तान में भी खूब किरकिरी हुई।

### नहीं कर पाया फुल मेज़बानी

इस टूर्नामेंट के दौरान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को बीसीसीआई से एक और बड़ा झटका लगा। पाकिस्तान अपने ही घर पर चैंपियंस ट्रॉफी की मेज़बानी करने पर अड़ा हुआ था, लेकिन बीसीसीआई ने उसे झुकने पर मजबूर कर दिया। चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन हाइब्रिड मॉडल के तहत हुआ, जिसमें भारत ने अपने सभी मैच दुबई में खेले और अंत में चैंपियन भी बन गया।

### करोड़ों से तैयार स्टेडियम हुए बेकार

पाकिस्तान ने इस टूर्नामेंट के लिए अपने दो स्टेडियमों में करोड़ों रुपये खर्च किए थे, लेकिन प्रदर्शन के नाम पर उसे कुछ भी हासिल नहीं हुआ। इसके बाद पाकिस्तान का क्रिकेट बोर्ड और वहां के कुछ पूर्व क्रिकेटरों के खिलाफ भारतीय टीम का यह जवाब और भी कड़ा हो गया।

कब्जा सूचना-(अचल सम्पति हेतु) नियम 8-(1)

चूंकि, अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री सिन्ना, श्रीमती फरजानम, सिन्ना मिल्क डेयरी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10598421) | आर/ओ गांव बल्हेरा, तहसील घरौंडा, जिला करनाल, हरियाणा, भारत 132114 में स्थित एलजीडी / यूआईडी नं. 594090129 सहित प्लॉट/मकान के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 656.00, 458.00, 366.00 | रु. 4,69,107/- (रुपये चार लाख उनहत्तर हजार एक सौ सात केवल) | 10/07/2024 | 10/03/2025 |
| श्री सोहन, श्रीमती बुली देवी, सोहन फास्ट फुड (प्रोस्पैक्ट नं. IL10402495) | लाल डोरा, गांव मुंड, तहसील असंध, जिला करनाल, हरियाणा, भारत 132039 में स्थित प्लॉट/मकान यू.आई.डी. नं. 593520376 के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 600.00, 551.00, 441.00 | रु. 5,33,194/- (रुपये पांच लाख तैंतीस हजार एक सौ चोरानवे केवल) | 10/10/2024 | 08/03/2025 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : करनाल - एससीओ-408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : करनाल, दिनांक : 12.03.2025 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.

## चिंतन

# वो दिन दूर नहीं जब पाक का एक और बंटवारा होगा

बहुत पुरानी कहावत है, जो दूसरों के लिए गड्ढा खोदता है, वह खुद उसमें गिरता है। यही हाल पड़ोसी पाकिस्तान का हो रहा है। पाकिस्तानी हुकूमरान हरसंभव नापाक हरकत करते रहे कि किसी भी तरह से भारत को आतंकवाद की आग में झोंका जाए और वहां दहशत का माहौल बनाकर विश्व बिरादरी में भारत को बदनाम किया जाए, लेकिन हो गया है इसके बिल्कुल उलट। पाकिस्तानी सियासतदानों ने जिस आतंकवाद का भारत में दहशत फैलाने के लिए पोषण किया, उसे दूध पिलाया, आज वो उसे ही दहला रहा है। शायद ही कोई ऐसा दिन निकलता हो जब पाकिस्तान में बम धमाका न हो। हर रोज आतंकी वारदातें सामने आ रही हैं। मासूम नागरिक इसके शिकार हो रहे हैं। सिडनी स्थित इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस की तरफ से जारी वैश्विक आतंकवाद सूचकांक रिपोर्ट 2025 में पाकिस्तान को दुनिया में दूसरा सबसे ज्यादा आतंक प्रभावित देश बताया गया। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान का खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान सबसे ज्यादा आतंक प्रभावित इलाके हैं। देशभर की कुल आतंकी घटनाओं में से 90 फीसदी इसी इलाके में हुई हैं। तहरीक-ए-तालिबान को लगातार दूसरे साल पाकिस्तान का सबसे खतरनाक आतंकवादी संगठन बताया गया है। 2024 में इस ग्रुप ने 482 हमले किए, जिसकी वजह से 558 मौतें हुई थीं, जो 2023 के मुकाबले 91 प्रतिशत ज्यादा हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि पाकिस्तान में हालात क्या हो गए हैं। मंगलवार को तो इसके दो कदम आगे बढ़कर बलूचिस्तान को अलग देश बनाने के लिए हिंसक आंदोलन कर रहे बलूच लिबरेशन आर्मी ने एक पैसेंजर ट्रेन को ही हाईजैक कर लिया। क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस पर पेहरो कुनरी और गदलार के बीच भारी गोलीबारी की खबरें हैं, जिसमें 6 पाक सैनिकों की मौत हो गई है। बलूच लिबरेशन आर्मी ने अपने एक बयान में कहा कि हमारे लड़ाकों ने माशकाफ, धादर और बोलान में इस ऑपरेशन को प्लान किया है। रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया गया है, जिसकी वजह से जाफर एक्सप्रेस को रुकना पड़ा। इसके बाद हमारे लड़ाकों ने इस ट्रेन पर कब्जा कर लिया और यात्रियों को बंधक बना लिया, जिसमें 500 यात्री सवार थे। हमने सिर्फ पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के कर्मियों को बंधक बनाया है। अगर हमारे खिलाफ कोई मिलिट्री ऑपरेशन करने की कोशिश की गई तो हम सभी बंधकों को मार देंगे। इस कत्ल-ए-आम की जिम्मेदारी पाकिस्तानी सेना की होगी। असल में बलूच का आंदोलन नया नहीं है। यह आजादी के बाद से ही सुलगता रहा है। भारत को ब्रिटिश शासन से आजादी मिलने से चार दिन पहले बलूचिस्तान को एक स्वतंत्र देश घोषित किया गया था और 1947 में पाकिस्तान को एक अलग राष्ट्र के रूप में बनाया गया था। इससे भी अधिक विडंबना यह थी कि बलूचिस्तान के शासक खान के मामले की पैरवी करने वाले वकील मुहम्मद अली जिन्ना थे, लेकिन बलूचिस्तान केवल 227 दिनों तक ही स्वतंत्र राष्ट्र रह सका। बाद में उसे पाकिस्तान में मिला दिया गया। इसी को लेकर बलूची नाराज हैं और लगातार अलग देश की मांग करते रहे हैं। बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है, जो इसके भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 44 फीसदी हिस्सा है। यह प्राकृतिक संसाधनों तेल, सोना, तांबा और अन्य खदानों से समृद्ध है। अगर ये सब ऐसे ही चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब पाकिस्तान का बांग्लादेश के बाद एक और बंटवारा हो जाएगा।



विमर्श
प्रो. महेश चंद गुप्ता

# सनातन संस्कृति में पर्यावरण समस्या का हल

> विदेशों में बसा हिंदू समुदाय भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने दायित्व का निर्वाह कर रहा है। इस बात को अब विदेशों में भी स्वीकार कर इससे प्रेरणा ली जाने लगी है। ब्रिटेन के इंस्टीट्यूट फॉर द इम्पैक्ट ऑफ फेथ इन लाइफ (आईआईएफएल) की ओर से हाल में किए गए एक अध्ययन में यह निष्कर्ष सामने आया है। अध्ययन की रिपोर्ट में उल्लेख है कि पर्यावरण सुरक्षा के मुद्दे पर ब्रिटेन में हिंदू समुदाय बाकी समुदायों की तुलना में सबसे ज्यादा सक्रिय है। अधिकांश हिंदू पर्यावरण के लिए कुछ न कुछ कर रहे हैं। कण-कण में भगवान के होने का विश्वास उनका प्रेरणास्रोत है। प्रकृति की रक्षा करना केवल हमारा धर्म नहीं बल्कि हमारा नैतिक उत्तरदायित्व भी है।

भारतीय सनातन संस्कृति और पर्यावरण के बीच युगों पुराना नाता है। एक सनातन संस्कृति ही है, जिसमें प्रकृति को केवल अस्तित्व का आधार ही नहीं बल्कि पूजनीय माना गया है। आधुनिक विज्ञान में जिस पर्यावरणीय संतुलन की वकालत की जाती है, उस संतुलन को सनानत परंपराओं में सदियों से साधा जा रहा है। सनातन संस्कृति में प्रत्येक प्राकृतिक तत्व को दिव्य माना गया है। हमारे लिए सूर्य, जल, वायु और वनस्पति सब देवतुल्य हैं। जरूरत के समय पेड़ों को काटने से पहले उनकी अनुमति मांगने और तुलसी पत्र तोड़ते समय विनम्र भाव से क्षमा मांगने की विनम्रता केवल हमारी संस्कृति में ही है।

हम सूर्यास्त के बाद फूल-पत्तियां इसलिए नहीं तोड़ते क्योंकि तब वे विश्राम की अवस्था में होते हैं। न केवल भारत में बल्कि विदेशों में बसा हिंदू समुदाय भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने दायित्व का निर्वाह कर रहा है। इस बात को अब विदेशों में भी स्वीकार कर इससे प्रेरणा ली जाने लगी है। ब्रिटेन के इंस्टीट्यूट फॉर द इम्पैक्ट ऑफ फेथ इन लाइफ (आईआईएफएल) की ओर से हाल में किए गए एक अध्ययन में यह निष्कर्ष सामने आया है। अध्ययन की रिपोर्ट में उल्लेख है कि पर्यावरण सुरक्षा के मुद्दे पर ब्रिटेन में हिंदू समुदाय बाकी समुदायों की तुलना में सबसे ज्यादा सक्रिय है। अधिकांश हिंदू पर्यावरण के लिए कुछ न कुछ कर रहे हैं। कण-कण में भगवान के होने का विश्वास उनका प्रेरणास्त्रोत है। 64 फीसदी हिंदू 'रीवाइल्डिंग' यानी इको सिस्टम को नई जिंदगी देने में शामिल हैं। 78 फीसदी हिंदू अपनी आदतों में इसलिए बदलाव लाते हैं ताकि पर्यावरण को नुकसान कम हो। 44 प्रतिशत हिंदू पर्यावरणीय संगठनों से जुड़े हैं। अध्ययन में हिंदू, मुस्लिम और ईसाई समुदायों के पर्यावरण संबंधी नजरिये और गतिविधियों का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट से पता चलता है कि ब्रिटेन के 82 फीसदी ईसाई धर्म को पर्यावरण सुरक्षा से जोड़ते हैं पर उनके सुरक्षा संबंधी काम सबसे कम हैं। अगर हिंदू पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय हैं तो इसका मुख्य कारण यह है कि हिंदू धर्म में 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना निहित है जो संपूर्ण सृष्टि को एक परिवार के रूप में देखने की शिक्षा देती है। यही भाव हममें प्रकृति के प्रति एकात्मता का भाव विकसित करता है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन की चुनौती से जूझ रही है, तब सनातन संस्कृति की यह सोच और व्यवहार मानवता के लिए एक प्रेरणा बन सकता है। यह अध्ययन पर्यावरण संकट और जलवायु परिवर्तन के खतरों के दृष्टिगत बहुत महत्वपूर्ण है। इस अध्ययन से न सिर्फ सनातन संस्कृति और पर्यावरण के संबंधों का पता चलता है, वहीं यह बात भी साबित होती है कि दशकों पहले कामकाज के सिलसिले में विदेशों में बस गए हिंदू आज भी अपनी संस्कृति को आत्मसात किए हुए हैं। हिंदू सनातन धर्म में पर्यावरण केवल आध्यात्मिकता या पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है बल्कि यह संपूर्ण सृष्टि के प्रति एक गहरी जागरुकता और सम्मान की भावना से ओत-प्रोत है। हमारी संस्कृति में प्रकृति और जीव-जंतुओं को पूजनीय मानते हुए उनके संरक्षण पर जोर दिया गया है। इससे हिंदू धर्म में पर्यावरण संरक्षण केवल नैतिक दायित्व नहीं है बल्कि धार्मिक आस्था और दैनिक जीवन का अभिन्न अंग भी है। सनातन धर्म में यह मान्यता है कि संपूर्ण सृष्टि पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश पंचतत्वों से बनी है। इन पंचतत्वों को संतुलित रखना जीवन का मूल



उद्देश्य है। इसी कारण पर्यावरण की शुद्धता और संतुलन बनाए रखना हिंदू दर्शन का प्रमुख भाग है। सनातन संस्कृति में पग-पग पर पर्यावरण संरक्षण के उपाय किए गए हैं। नदियों को देवी मानकर पूजने के पीछे गंगा, यमुना, नर्मदा, कृष्णा आदि तमाम नदियों की पवित्रता को बनाए रखने की मंशा ही तो है।

हवन और यज्ञ में प्राकृतिक जड़ी-बूटियों का उपयोग करने के पीछे पर्यावरण को शुद्ध करने की भावना निहित है। हमारे पुरखों ने योग और प्राणायाम के जरिए शुद्ध वायु का महत्व कितने वैज्ञानिक ढंग से समझाया है। पेड़ों और वनस्पतियों को देवतुल्य मानकर उनकी पूजा के पीछे उनके संरक्षण की भावना ही तो है। सदियों पहले जिस तुलसी को मां लक्ष्मी का स्वरूप मानकर हर घर में लगाने की परंपरा शुरू की, उसके औषधीय गुणों को आज वैज्ञानिक भी स्वीकार करते हैं। हमारे यहां प्राचीन काल में ही ऋषि-मुनि आश्रमों में वन लगाने को प्राथमिकता दी गई और आज भी मंदिरों और आश्रमों में पौधरोपण को पवित्र कार्य के रूप में करके उसका अनुसरण किया जा रहा है। हमारे देश में पर्यावरण संरक्षण हमारी शिक्षा पद्धति का प्राचीन काल से ही भाग रहा है। हमारे ऋषि-मुनि पर्यावरण शुद्ध रखने के लिए हवन-यज्ञ करते थे। इससे वातावरण को साफ एवं समय पर वर्षा में मदद मिलती थी। मौजूदा समय में तो प्राचीन परंपराओं का अनुसरण करने की ज्यादा जरूरत हैं क्योंकि नदियों का जल कम एवं प्रदूषित हो रहा है। ग्लेशियर पिघल रहे हैं। समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है और विश्व के कई तटीय शहरों के डूब जाने का अंदेशा है।

प्राचीन गुरुकुलों में पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया जाता था तो मौजूदा दौर में भी कॉलेजों-विश्वविद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण पर शोध एवं अध्ययन, अधिकाधिक पेड़ लगाने और पर्यावरण अनुकूलता के लिए स्वच्छ वातावरण को प्राथमिकता दी जा रही है। हमारी मान्यता है कि शुद्ध एवं साफ वातावरण में लक्ष्मी का वास होता है और इससे समृद्धि आती है, हमारे इस विचार को विदेशों में अपनाया गया है। विभिन्न देशों में विश्वविद्यालयों के लंबे-चौड़े, खुले परिसर एवं वहां सघन हरियाली इसका प्रमाण है। सनातन संस्कृति में जैव विविधता को बनाए रखने के लिए जहां गाय को माता का दर्जा दिया गया है, वहीं नाग पंचमी पर सांपों की पूजा कर उनके महत्व को भी स्वीकारा गया है। गंगा दशहरा और कार्तिक स्नान जैसे त्योहारों के माध्यम से जल शुद्धता बनाए रखने का संदेश दिया गया है। अर्द्धकुंभ, कुंभ और महाकुंभ में नदियों की सफाई और उनकी महत्ता पर बल दिया गया है। आज समूची दुनिया जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और पारिस्थितिक असंतुलन की समस्याओं से जूझ रही है। इन समस्याओं का समाधान भारतीय सनातन संस्कृति में खोजा जा सकता है। हमारी महान परंपराएं समूची दुनिया में पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शक बन सकती हैं। हिंदू धर्म में पुराने कपड़ों और सामान का पुनः उपयोग करने की परंपरा रीसाइक्लिंग और अपशिष्ट प्रबंधन का प्राचीन रूप नहीं तो क्या है। हमारे यहां शाकाहार को बढ़ावा इसलिए दिया गया क्योंकि हमारे पूर्वज जानते थे कि शाकाहार को बढ़ावा देने से कार्बन उत्सर्जन कम होता है और पर्यावरणीय संतुलन बना रहता है। हिंदू सनातन धर्म और पर्यावरण संरक्षण की भावना परस्पर गहराई से जुड़े हुए हैं। यह जुड़ाव केवल धार्मिक नियमों का पालन करने तक सीमित नहीं है बल्कि एक संपूर्ण जीवन शैली है जो प्रकृति के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन, सम्मान और संरक्षण को प्राथमिकता देती है। अगर आज पूरी दुनिया इन सिद्धांतों को अपना ले तो न सिर्फ पर्यावरण संकट को कम किया जा सकता है बल्कि जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से भी निपटा जा सकता है। प्रकृति की रक्षा करना केवल हमारा धर्म नहीं बल्कि हमारा नैतिक उत्तरदायित्व भी है।

(लेखक प्रख्यात शिक्षाविद्, वक्ता व चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

नो स्मोकिंग डे
योगेश कुमार गोयल



# धूम्रपान मुक्त जीवन ही है स्वस्थ भविष्य की गारंटी


प्रतिवर्ष मार्च महीने के दूसरे बुधवार को 'धूम्रपान निषेध दिवस' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 12 मार्च को मनाया जा रहा है। इस दिन का उद्देश्य निकोटीन के आदी लोगों को धूम्रपान छोड़ने के लिए मदद पाने को प्रोत्साहित करना है। यह समाज पर धूम्रपान के दुष्परिणामों को उजागर करने और जीवन के स्वस्थ तरीकों तथा धूम्रपान मुक्त वातावरण को बढ़ावा देने का दिन है। पहली बार धूम्रपान निषेध दिवस 1984 में आयरलैंड गणराज्य में मनाया गया था। तब यह मार्च महीने के पहले बुधवार को मनाया जाता था लेकिन समय के साथ यह मार्च के दूसरे बुधवार को मनाया जाने लगा। उसके बाद से यूके सहित कई देशों में यह एक वार्षिक कार्यक्रम की भांति मनाया जाता है। प्रतिवर्ष यह दिवस एक खास विषय के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 'इस नो स्मोकिंग डे पर अपनी जिंदगी वापस लें' विषय के साथ मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय हमें यह याद दिलाता है कि धूम्रपान छोड़कर हम न केवल अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं बल्कि अपने परिवार और प्रियजनों के साथ अधिक गुणवत्तापूर्ण समय भी बिता सकते हैं। धूम्रपान छोड़ने से हृदय रोग, कैंसर और सांस की बीमारियों का खतरा कम होता है। यह आर्थिक दृष्टिकोण से भी फायदेमंद है क्योंकि धूम्रपान पर खर्च होने वाले पैसे की बचत की जा सकती है। कई अध्ययनों में यह तथ्य सामने आ चुका है कि सिगरेट तथा अन्य धूम्रपान उत्पादों में मौजूद रसायन प्रतिवर्ष लाखों लोगों की जान ले लेते हैं। दरअसल सिगरेट के धुएं में ऐसे रसायन होते हैं, जो धूम्रपान के दौरान और बाद में शरीर पर घातक प्रभाव डालते हैं। तंबाकू के सेवन से दुनियाभर में हर साल 80 लाख से ज्यादा मौतें होती हैं। निकोटीन विकासशील मस्तिष्क को नुकसान पहुंचा सकता है। व्यस्कों के मुकाबले बच्चों के बहुत जल्दी आदी हो जाने की भी संभावना है। धूम्रपान करने वाले बच्चों में निकोटीन अवसाद और चिंता से भी जुड़ा है। सार्वजनिक स्थलों के अलावा बंद कमरे में धूम्रपान करना तो धूम्रपान न करने वालों के लिए भी बेहद खतरनाक सिद्ध होता है, जिसके सबसे बड़े शिकार प्रायः घरों में बच्चे ही होते हैं।

चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि जिन बच्चों के माता-पिता बीड़ी-सिगरेट के आदी होते हैं, उन बच्चों में निमोनिया, ब्रोंकाइटिस जैसी सांस, गले और छाती की बीमारियां होना एक आम बात है। बच्चों में धूम्रपान के संपर्क में आने से श्वसन संक्रमण, कान में संक्रमण और अस्थमा का दौरा पड़ सकता है। जहां तक तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की सुरक्षा की बात है तो यह इसलिए बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि बच्चों का मन-मस्तिष्क बहुत कोमल होता है और तंबाकू उद्योग बच्चों को लक्षित करने के लिए विभिन्न तरीकों का उपयोग करता है। ऐसे ही तरीकों में तंबाकू उद्योग आकर्षक विज्ञापनों और मार्केटिंग अभियानों का सहारा लेता है, जिनके जरिये बच्चों को तंबाकू उत्पादों को आकर्षक और वांछनीय लगने के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जाता है। सोशल मीडिया के जरिये भी तंबाकू कंपनियां बच्चों के साथ जुड़ने और उन्हें तंबाकू उत्पादों के बारे में जानकारी देने का प्रयास करती हैं। धूम्रपान करने से बच्चों को अनेक प्रकार की गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। डब्ल्यूएचओ के स्वास्थ्य संवर्धन विभाग के निदेशक डा. रूडिगर क्रेच कहते हैं कि वे इस बात से आश्चर्यचकित हैं कि तंबाकू उद्योग अनगिनत जिंदगियों की क़ीमत पर मुनाफ़ा कमाने के लिए इस हद तक जाएगा। उनके मुताबिक जैसे ही किसी देश की सरकार को लगता है कि उसने तंबाकू के खिलाफ लड़ाई जीत ली है, तंबाकू उद्योग स्वास्थ्य नीतियों में हेरफेर करने और अपने घातक उत्पादों को बेचने के अवसर को अपनी पकड़ में ले लेता है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि दुनियाभर में तंबाकू उद्योग के बढ़ते हस्तक्षेप से स्वास्थ्य नीति को बचाने के प्रयास लड़खड़ा गए हैं, इसीलिए उसने ऐसे में विभिन्न देशों से कार्रवाई तेज़ करने का आह्वान किया है।

चूंकि धूम्रपान करने से बच्चों में इसकी लत लगने की संभावना बहुत ज्यादा बढ़ जाती है, जो उनके जीवन को कई प्रकार से नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती है, इसीलिए तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किया जाना समय की बहुत बड़ी मांग है। इसके लिए जरूरी यह भी है कि बच्चों तथा उनके माता-पिता को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप और तंबाकू उत्पादों के खतरों के बारे में जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं और तंबाकू उत्पादों के उपयोग से संबंधित कानूनों का सख्ती से पालन किया जाए

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन का मार्गदर्शन करती है अंतःकरण की आवाज



संकलित
दर्शन

हमारे अंतःकरण की आवाज हमारी मुख्य मार्गदर्शक होती है। यही हमें सही और गलत में अंतर का आभास कराती है। मनोविज्ञान के अनुसार, जब किसी मनुष्य का कोई कार्य, विचार और अभिव्यक्ति नैतिक मूल्यों के विपरीत परिणाम देती है तो अंतर्मन की आवाज उस व्यक्ति में ग्लानि और पश्चाताप की भावना को जन्म देती है, लेकिन जब हमारे कार्य नैतिक मूल्यों के अनुरूप परिणाम देते हैं तो इससे मन भीतर से प्रसन्न होता है। आज के इस कोलाहल भरे समय में हम प्रायः अपने अंतःकरण की आवाज को सुन नहीं पाते या उसे सुनकर उस पर अपेक्षित मनन नहीं करते। यही कारण है कि हम अपने जीवन में भटकाव महसूस करते हैं। महात्मा गांधी तो अंतःकरण की आवाज को ही सर्वोच्च मानते थे। उनके कई निर्णयों का आधार ही अंतःकरण की आवाज थी। इसी कारण गांधीजी सत्य के साथ खड़े रहे। इसीलिए उनके द्वारा किए गए अधिकांश प्रयोग सफल रहे। जीवन में सदैव संतुष्ट एवं प्रसन्न रहने का सरल सा तरीका यही है कि हम अपने अंतःकरण की आवाज सुनें, क्योंकि हमारे अंदर से आने वाली आवाज प्रत्येक परिस्थिति में सही होती है। हम जब कभी भी कुछ गलती या बुरा आचरण कर रहे होते हैं, तब हम अपनी भूल को जानते हैं। हमें कुछ अटपटा सा लगता है। भीतर से आवाज आती है कि यह कार्य उचित नहीं है। यही हमारे अंतःकरण की आवाज होती है। यही आवाज हमें कुछ गलत करने से रोकती है। जब हम अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करते हैं तो अंतरात्मा से हमारा संपर्क कमजोर हो जाता है।

# अपने बल पर न करें घमंड, न दूसरों को कमजोर समझें



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध में अर्जुन और कर्ण आमने-सामने थे। दोनों दिव्य अस्त्र-शस्त्रों से लड़ रहे थे। जब-जब अर्जुन के तीर कर्ण के रथ पर लग रहे थे तो कर्ण का रथ बहुत पीछे खिसक रहा था। दूसरी ओर जब-जब कर्ण के तीर अर्जुन के रथ पर लगते तो उसका रथ थोड़ा सा ही पीछे खिसकता था। ये देखकर अर्जुन को घमंड हो गया कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। अर्जुन ने ये बात श्रीकृष्ण से कही तो भगवान ने कहा कि तुम्हारे बाणों से ज्यादा शक्ति कर्ण के बाणों में है। भगवान की बात सुनकर अर्जुन ने कहा कि ये कैसे संभव है, मेरा रथ तो थोड़ा सा ही पीछे खिसक रहा है। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम्हारे रथ पर मैं स्वयं बैठा हूं, ऊपर ध्वजा पर हनुमान जी विराजित हैं, तुम्हारे रथ के पहिए को शेषनाग ने थाम रखा है। इतना होने के बाद भी कर्ण के बाण ये रथ पीछे खिसक रहा है तो इसका मतलब यही है कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। यदि ये न होता तो पता नहीं तुम्हारे रथ की क्या स्थिति होती। ये बात सुनकर अर्जुन को अपनी गलती का अहसास हो गया और उसका घमंड टूट गया। इस कथा में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सीख दी है कि कभी अपनी शक्ति का घमंड न करें और शत्रु को कमजोर न समझें। यथा स्थिति का अच्छा से अवलोकन करे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### होली का त्योहार सामूहिक उमंग और उत्साह का प्रतीक

त्योहार और पर्वो की संस्कृति का देश है भारत। इसमें हर दिन कोई न कोई त्योहार मनाया जाता है। ये त्योहार मानव-समाज की उमंगों एवं आशाओं के प्रतीक हैं। मनुष्य सहज ही आशावादी होता है, आशा ही उसे प्रसन्न और कार्यशील रखती हैं। इसलिए आशाओं को जीवित और प्रचण्ड रखने के लिए वह पर्व, त्योहार आदि उत्सव मनाता रहता है। त्योहारों में मानव जाति को संस्कार और विचार देने की एक अन्तरधारा छिपी रहती है। जैसे गंगा-यमुना के प्रवाह के भीतर सरस्वती का प्रवाह छिपा है। वैसे ही हमारे देश में हर त्योहार व पर्व के भीतर एक आदर्श समाज की कल्पना और भावना, मानव जाति के पारस्परिक प्रेम, समानता, हर्ष-उल्लास का संस्कार और आदर्शों की कल्पना इन पर्वों के पीछे छिपी है।

*- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# अफगानिस्तान की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं: भारत

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि उसने तालिबान शासन के साथ द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की है और लोगों से लोगों के 'विशेष' संबंध देश के भारत के मौजूदा जुड़ाव का 'आधार' रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने सोमवार को अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा बैठक में कहा कि इस साल की शुरुआत में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने दुबई में अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी से मुलाकात की थी। हरीश ने परिषद में कहा, 'दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। अफगान पक्ष ने अफगानिस्तान के लोगों के साथ जुड़ने और उनका समर्थन करने के लिए भारतीय नेतृत्व की सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया।' उन्होंने कहा, 'यह निर्णय लिया गया कि भारत, अफगानिस्तान में जारी मानवीय सहायता कार्यक्रमों के अलावा निकट भविष्य में विकास परियोजनाओं में शामिल होने पर विचार करेगा।' मिस्री और मुत्ताकी के बीच जनवरी में हुई बैठक, 2021 में अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद से भारत और तालिबान के बीच अब तक का सबसे उच्च स्तरीय संपर्क था।



## ऑफ बीट

# बैठने के बजाय खड़े होकर काम करना फायदेमंद है?



आधुनिक समय में हममें से अधिकतर लोग जागते हुए अपना अधिकांश समय बैठकर गुजारते हैं। हाल में एक अनुसंधान में लंबे समय तक बैठने के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभावों को रेखांकित किया गया है। कई कार्यस्थलों पर 'सिट-स्टैंड' डेस्क सिस्टम को अपनाया गया है, जिस पर आप लंबे समय तक बैठने के नुकसान से बचने के लिए डेस्क को बटन या लीवर दबाकर ऊंचा कर सकते हैं और खड़े होकर काम कर सकते हैं। लेकिन खड़ा होना बेहतर कैसे है? और क्या बहुत अधिक खड़े होने के भी नुकसान हैं? बहुत अधिक बैठने और खड़े होने के जोखिमों के बारे में अनुसंधान क्या कहता है, और क्या 'सिट-स्टैंड' डेस्क में निवेश करना ठीक है। बहुत अधिक बैठने के क्या नुकसान हैं? जो लोग बहुत अधिक बैठते हैं उनमें टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के विकसित होने और उनका जीवन कम होने की आशंका बढ़ जाती है। लंबे समय तक बैठे रहने से मांसपेशियों, हड्डियों में, खासकर गर्दन और पीठ में दर्द संबंधी शिकायत बढ़ जाती है। उन लोगों को अधिक बैठने से और भी ज्यादा नुकसान हो सकता है जो बहुत कम व्यायाम करते हैं या एक मानक स्तर तक शारीरिक गतिविधियां नहीं करते।

## ट्रेंड


### मॉरीशस में स्वागत



मॉरीशस में अविस्मरणीय स्वागत से बहुत अभिभूत हूं। यहां की संस्कृति में भारतीयता किस तरह रची-बसी है, उसकी पूरी झलक 'गीत-गवई' में देखने को मिली। हमारी भोजपुरी भाषा मॉरीशस में जिस तरह से फल-फूल रही है, वह हर किसी को गौरवान्वित करने वाली है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### अस्पताल का लोकार्पण



उत्तम चिकित्सा सुविधाओं तक हर नागरिक की सुगम और सुलभ पहुंच की सुनिश्चितता हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। आज झांसी में 200 बेड के अस्पताल का लोकार्पण किया। 'स्वस्थ उत्तर प्रदेश' की संकल्पना की सिद्धि में नया उत्तर प्रदेश सतत गतिशील है।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र


### जनप्रतिनिधि का कर्तव्य



जन भावनाओं को सुनना जनप्रतिनिधि का कर्तव्य ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने का काम भी करता है। दिल्लीवासियों की हर शंका का समाधान करना मेरी जिम्मेदारी है।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### सभी धर्मों का सम्मान



इस समय रमज़ान चल रहे हैं और होली का भी त्योहार आ रहा है। इसकी आड़ में कोई भी राजनीति करना ठीक नहीं। सभी धर्मों के अनुयायियों के मान-सम्मान का बराबर ध्यान रखना बहुत जरूरी।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## डिप्टी चेयरमैन हरिवंश ने टोका तो गुस्सा हुए मल्लिकार्जुन

# राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के बयान पर हंगामा, सरकार ने उठाई माफी की मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के 'ठोकेंगे' वाले बयान पर हंगामा हुआ। दरअसल, डिप्टी चेयरमैन ने दिग्विजय सिंह को बोलने के लिए कहा, लेकिन खरगे बीच में अपनी बात रखने लगे। इस पर डिप्टी चेयरमैन हरिवंश ने उन्हें टोका, कहा- आप सुबह बोल चुके हैं। इस पर खड़गे ने कहा- 'ये क्या डिक्टेटरशिप है। मैं हाथ जोड़कर आपसे बोलने की अनुमति मांग रहा हूं।' इस पर हरिवंश ने कहा- अभी दिग्विजय सिंह के बोलने का मौका है, इसलिए आप बैठ जाइए। इसके बाद खड़गे ने कहा- वो तो बोलेंगे ही, लेकिन आपको क्या-क्या ठोकना है हम ठीक से ठोकेंगे, सरकार को भी ठोकेंगे। जब हरिवंश ने खरगे के बयान पर आपत्ति जताई तो उन्होंने कहा कि हम सरकार की नीतियों को ठोकने की बात कर रहे हैं।

## जेपी नड्डा की आपत्ति के बाद खरगे ने जताया खेद

- डिप्टी चेयरमैन ने दिग्विजय सिंह को बोलने के लिए कहा, लेकिन खरगे बीच में अपनी बात रखने लगे।
- इस पर डिप्टी चेयरमैन हरिवंश ने उन्हें टोका, कहा- आप सुबह बोल चुके हैं तो खरगे भड़क गए



### ऐसी भाषा किसी भी रूप में स्वीकार नहीं : नड्डा

खरगे के बयान पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा, 'नेता विपक्ष की ओर से आसन के लिए इस तरह की भाषा किसी भी रूप में स्वीकार नहीं है। उन्हें माफी मांगनी चाहिए।' उन्होंने उपसभापति हरिवंश से मांग करते हुए कहा कि ऐसे शब्दों को सदन की कार्यवाही से हटाया जाए। ऐसी भाषा निंदनीय है और माफी के योग्य भी नहीं है। इसके बाद खड़गे ने सदन में खड़े होकर कहा, 'मैंने आसन के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने उपसभापति से कहा कि अगर आपको मेरी बातों से ठेस पहुंची है तो मैं इसके लिए माफी मांगता हूं।

### संसद के बाहर धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ डीएमके का प्रदर्शन

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) और ट्राय-लैंग्वेज को लेकर संसद के बाहर विपक्ष के सांसदों ने प्रदर्शन किया। डीएमके सांसद कनिमोझी और अन्य सांसद काले कपड़े पहनकर तमिलनाडु पर धर्मेंद्र प्रधान की टिप्पणी का विरोध किया। उन्होंने प्रधान से माफी मांगने को कहा। डीएमके सांसद कनिमोझी ने कहा, 'केंद्र सरकार तमिलनाडु को मिलने वाले पैसे को रोक रही है। कह रही है कि हमें तीन-भाषा नीति और डीएमके पर हस्ताक्षर करना है। वे तमिलनाडु के बच्चों का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं।

### सांसद गोगोई ने उठाया मणिपुर का मामला

कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने लोकसभा कहा कि केंद्र सरकार बंदूक की नोक पर मणिपुर में शांति लाने में असफल रही। गोगोई ने कहा कि मणिपुर के बजट पर राज्य विधानसभा में चर्चा होनी चाहिए थी, लेकिन राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी को राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने के औचित्य के बारे में सदन को बताना चाहिए। उन्होंने पूछा- राज्य विधानसभा की स्थिति क्या है, यह भंग है या निलंबित है।

## 'वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट 2024'

# दिल्ली फिर बनी सबसे प्रदूषित राजधानी

### देश के 13 शहर शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्विस एयर क्वालिटी टेक्नोलॉजी कंपनीआईक्यू की वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट 2024 के अनुसार भारत की राजधानी दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी है। मंगलवार को प्रकाशित एक नई रिपोर्ट में ये चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है। दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में से 13 भारत में है। इसमें मेघालय का बर्निहाट सबसे ऊपर है। 2024 में आईक्यूएयर की रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी है। भारत दुनिया का पांचवां सबसे प्रदूषित देश है। 2023 में भारत इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर था।

### सांद्रता 50.6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर



*रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में 2024 में पीएम 2.5 सांद्रता में 7 प्रतिशत की गिरावट रही, जो औसतन 50.6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर होगी, जबकि 2023 में यह 54.4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर होगी। दिल्ली में प्रदूषण का स्तर लगातार उच्च दर्ज किया गया, जिसमें वार्षिक औसत पीएम 2.5 सांद्रता 91.6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रही, जो 2023 में 92.7 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से लगभग अपरिवर्तित है।*

### देश के सबसे प्रदूषित शहरों में ये शामिल

दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में 13 भारतीय शहर बर्नीहाट (मेघालय), दिल्ली (दिल्ली), मुल्लांपुर (पंजाब), फरीदाबाद (हरियाणा), लोनी (यूपी), नई दिल्ली (दिल्ली), गुरुग्राम (हरियाणा), गंगानगर (राजस्थान), ग्रेटर नोएडा (यूपी), भिवाड़ी (राजस्थान), मुजफ्फरनगर (यूपी), हनुमानगढ़ (राजस्थान), नोएडा (यूपी) शामिल है।

## केंद्र ने पीएम मित्र मेगा टैक्सटाइल पार्क स्थापित करने की दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 2021-22 से 2027-28 की अवधि के लिए 4,445 करोड़ रुपए की लागत के साथ ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड साइटों पर सात पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और परिधान (पीएम मित्र) पार्क स्थापित करने को मंजूरी दी है। मंगलवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी गई। इसकी घोषणा करते हुए मार्च 2023 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित किए जाएंगे। पीएम मित्र पार्क वस्त्र उद्योग की एकीकृत मूल्य श्रृंखला बनाने का अवसर प्रदान करेंगे, जिसमें कताई, बुनाई, प्रोसेसिंग, प्रिंटिंग से लेकर परिधान निर्माण तक की पूरी प्रक्रिया शामिल होगी। यह 5 एफ विजन – फार्म से फाइबर, फाइबर से फैक्ट्री, फैक्ट्री से फैशन, और फैशन से फॉरेन के दृष्टिकोण पर आधारित होगा। पीएम मित्र पार्क कताई, बुनाई, प्रसंस्करण, मुद्रण, परिधान और सहायक उपकरण विनिर्माण सहित वस्त्र मूल्य श्रृंखला के सभी तत्वों में 3 लाख (प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष) रोजगार पैदा करेगा।

## सरकारी पैसे का दुरुपयोग, कोर्ट का आदेश

# केजरीवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करो



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर सरकारी पैसों के दुरुपयोग मामले में एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। केजरीवाल पर आरोप है कि उन्होंने प्रचार के लिए बड़े होर्डिंग लगवाने में जनता के पैसे का गलत इस्तेमाल किया। केजरीवाल और दो अन्य नेताओं गुलाब सिंह और नितिका शर्मा पर एफआईआर की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को केस दर्ज करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने पुलिस से 18 मार्च तक मामले की स्टेटस रिपोर्ट भी मांगी है। 2019 में दिल्ली की एक अदालत में याचिका दायर की गई थी। इसमें आरोप था कि अरविंद केजरीवाल, आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक गुलाब सिंह और द्वारका से पार्षद नितिका शर्मा ने पूरे इलाके में बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाकर जनता के पैसे का दुरुपयोग किया है। तब निचली अदालत ने याचिका खारिज कर एफआईआर की इजाजत देने से इनकार कर दिया था।

### ब्याज सहित 163.62 करोड़ रुपये वापस करने को कहा था


जनवरी, 2024 में डायरेक्टरेट ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड पब्लिसिटी ने भी आप से राजनीतिक विज्ञापनों के लिए जनता के पैसे का दुरुपयोग करने के लिए ब्याज सहित 163.62 करोड़ रुपए वापस करने को कहा था। भाजपा ने जनवरी, 2025 में आरोप लगाया था कि आप ने कुछ योजनाओं के बजट से ज्यादा खर्चा उसके प्रचार पर किया है। भाजपा ने दावा किया कि बिजनेस ब्लास्टर्स योजना के लिए 54 करोड़ रुपये जारी किए गए थे, जबकि इसके प्रचार में 80 करोड़ रुपये खर्च किए गए। वहीं, मेंटॉर योजना के लिए 1.9 करोड़ रुपये का बजट रखा गया था, जबकि योजना के प्रचार पर 27.9 करोड़ रुपए खर्च हुए। पराली प्रबंधन योजना के लिए 77 लाख रुपए का बजट था जबकि प्रचार पर 28 करोड़ रुपए खर्च हुए।

## झारखंड के पलामू में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गैंगस्टर अमन साव को मार गिराया

**रांची/मेदिनीनगर (भाषा)।** झारखंड के पलामू जिले में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गैंगस्टर अमन साव को मार गिराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह मुठभेड़ उस समय हुई जब गैंगस्टर अमन साव के गिरोह के सदस्य उसे पुलिस हिरासत से छुड़ाने की कोशिश कर रहे थे। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने एक दिन पहले कहा था कि झारखंड में अधिकतर अपराध की साजिशें जेलों के अंदर रची जाती हैं और आपराधिक गिरोहों की मदद से उन्हें अंजाम दिया जाता है। उनके इस बयान के एक दिन बाद यह घटना सामने आई है। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ मंगलवार सुबह उस समय हुई जब 150 से अधिक मामलों में आरोपी और कुछ मामलों में दोषी ठहराए गए गैंगस्टर को छत्तीसगढ़ की रायपुर जेल से रांची लाया जा रहा था। मेदिनीनगर के अनुमंडलीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि साव के गिरोह के सदस्यों ने उस वाहन पर अचानक हमला कर दिया जिसमें उसे लाया जा रहा था और रामगढ़ थाना क्षेत्र के चैनपुर के पास उसे छुड़ाने का प्रयास करने लगे।


### महाराज के दरबार में खंजर ले पहुंची महिला

**नई दिल्ली।** कथावाचक अनिरुद्धाचार्य महाराज के दरबार में एक महिला ने अपनी शादी, पति और जिंदगी के कई चौंकाने वाले राज खोले हैं। महिला ने बताया कि वह घर वालों को बिना बताए और पैसे के पहुंची हैं। लोगों ने खाने को दिया तो खा लिया। उसकी शादी 9 माह पहले हुई थी। पति शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता है। इसलिए आई है।



### महिला आयोग में चंचलानी के बयान दर्ज

**नई दिल्ली।** यूट्यूबर आशीष चंचलानी को कॉमेडियन समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में की गई अपमानजनक टिप्पणियों के संबंध में पूछताछ के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग के सामने पेश हुए। 'इंडियाज गॉट लैटेंट' शो में अश्लील टिप्पणियों के संदर्भ में रणवीर इलाहाबादिया, अपूर्व मुखीजा, समय रैना, जसप्रीत सिंह और चंचलानी को तलब किया था।



## निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रक्रिया में सुधार के लिए राजनीतिक दलों को बातचीत के लिए आमंत्रित किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोपों के बीच मंगलवार को चुनावी प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए राजनीतिक दलों को बातचीत के लिए आमंत्रित किया। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा कि उसने सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से चुनावी पंजीकरण अधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के स्तर पर "किसी भी अनसुलझे मुद्दे" के लिए 30 अप्रैल तक सुझाव आमंत्रित किए हैं। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को राजनीतिक दलों को अलग-अलग लिखे पत्र में पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ सदस्यों के साथ "परस्पर सुविधाजनक समय पर बातचीत करने का सुझाव दिया है, ताकि स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत किया जा सके।



# तीन देशों में सरकार के प्रति फूटा आम लोगों का आक्रोश, सड़कों पर उतरी जनता

## बांग्लादेश: यूनुस सरकार के खिलाफ महिलाओं का प्रदर्शन



एजेंसी ▶▶ढाका

बांग्लादेश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ रही घटनाओं के विरोध में देश के विभिन्न हिस्सों में यूनुस सरकार के विरोध में महिलाएं सड़कों पर प्रदर्शन कर रही हैं। बांग्लादेश में महिलाएं बलात्कार के लिए न्याय, अपराधियों के लिए सख्त सजा और गृह मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी के इस्तीफे की मांग को लेकर सड़कों पर उतरीं। देश के कई जिलों में विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। देश भर में चल रहे प्रदर्शन के बीच फिर से बच्चियों के साथ हुए अपराध की घटनाओं ने बांग्लादेश में कानून और व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को उजागर किया है।

### जहांगीर आलम चौधरी के इस्तीफे की मांग की

बांग्लादेश में लैंगिक हिंसा के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच, छह और बच्चों के साथ बलात्कार की घटनाएं सामने आई हैं। छह जिलों में बलात्कार के आरोप में सोमवार को कम से कम सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिन बच्चों का यौन उत्पीड़न किया गया, वे सभी छह से चौदह वर्ष की आयु के हैं। यौन उत्पीड़न की शिकार एक किशोरी ने स्थानीय मध्यस्थता बैठक के दौरान झूठा आरोप लगाए जाने और बदनाम किए जाने के बाद आत्महत्या कर ली। महिलाओं के खिलाफ लगातार बढ़ रहे अपराध के खिलाफ अंतरिम सरकार के प्रति जनता में आक्रोश फैल गया है। गृह मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी के इस्तीफे की मांग की और अंतरिम सरकार को देश भर में कानून और व्यवस्था की स्थिति को खराब करने के लिए जवाबदेह ठहराया।

## दक्षिण कोरिया : राष्ट्रपति यून को पद से हटाने की मांग



**सिओल।** दक्षिण कोरिया के विपक्षी दलों के कुछ सांसदों ने मंगलवार को भूख हड़ताल शुरू कर दी। इन्होंने राष्ट्रपति यून सूक योल को उनके पद से आधिकारिक रूप से हटाने के लिए संवैधानिक न्यायालय से फैसला सुनाए जाने की मांग की है। मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी, रीबिल्डिंग कोरिया पार्टी और प्रोग्रेसिव पार्टी सहित विपक्षी सांसदों के एक समूह ने भूख हड़ताल पर बैठे हैं। उन्होंने अदालत से यून को तुरंत बर्खास्त करने का आग्रह किया जिन्हें शनिवार को रिहा कर दिया गया। सांसदों ने कहा कि यून सुक योल को वापस जेल जाना चाहिए। उन्होंने यून को रिहा करने वाले अभियोजक जनरल शिम वू-जंग के इस्तीफे की भी मांग की और कहा कि सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी को भंग कर दिया जाना चाहिए क्योंकि इसने यून के महाभियोग में बाधा डाली।

### यून के विरुद्ध महाभियोग और मुकदमे जारी रहेंगे

डीपी प्रतिनिधि पार्क होंग-बे, किम मून-सू और जीन जिन-सूक ने यून को पद से हटाने की मांग करते हुए नेशनल असेंबली की मुख्य इमारत के बाहर अपने सिर मुंडवा लिए। इससे पहले दिन में, डीपी और रीबिल्डिंग कोरिया पार्टी ने अपनी रैलियों को जारी रखने के लिए सोल के ग्वांगह्वामुन में टेंट लगाए। ज्ञात हो, यून को 3 दिसंबर को मार्शल लॉ लागू करने के नाकाम प्रयास के माध्यम से विद्रोह भड़काने के आरोप में जनवरी में हिरासत में लिया गया था। उन्हें शनिवार को जेल से रिहा कर दिया गया क्योंकि अभियोजन पक्ष ने शुक्रवार के अदालत फैसले के खिलाफ अपील नहीं करने का निर्णय लिया। अदालत ने यून की हिरासत को अवैध बताया था। हालांकि यून के खिलाफ महाभियोग और आपराधिक मुकदमे जारी रहेंगे।

## इजराइल: नेतन्याहू 'प्राइम मिनिस्टर नहीं क्राइम मिनिस्टर'




**येरूशलम।** इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ उनके ही देश में असंतोष चरम पर पहुंच गया है। एक सर्वे में करीब तीन चौथाई इजराइली नागरिकों का कहना है कि पीएम नेतन्याहू को 7 अक्टूबर, 2023 की घटनाओं की जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। इजराइल डेमोक्रेसी इंस्टीट्यूट द्वारा रविवार को जारी किए गए मासिक सर्वे के नतीजों के अनुसार लगभग 75 फीसदी इजराइलियों का मानना है कि नेतन्याहू को अब अपना पद छोड़ देना चाहिए। बता दें कि इजराइल में लंबे समय से लोग 'प्राइम मिनिस्टर नहीं क्राइम मिनिस्टर' नाम का पोस्टर हाथों में थाम नेतन्याहू के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। जहां तक बात रही यहूदियों की तो 45% यहूदी उत्तरदाताओं का मानना है कि नेतन्याहू को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।

### नेतन्याहू को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए

59% अरबों का मानना है कि नेतन्याहू को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। यह यहूदियों की तुलना में काफी ज्यादा है। ये सर्वे 25 से 28 फरवरी के बीच कराए गए थे। 73 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इस बात पर अपनी सहमति जताई कि इजराइल को हमास के साथ युद्ध विराम/बंधक वापसी समझौते के दूसरे चरण में आगे बढ़ना चाहिए। इस समझौते में दुश्मनी की पूर्ण समाप्ति, गाजा से वापसी और सभी बंधकों की रिहाई के बदले में फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई शामिल है। गाजा पर समझौते से जुड़े सवाल के उत्तरदाताओं में नेतन्याहू की अपनी लिकुड पार्टी के 61.5% मतदाता शामिल थे। हालांकि समझौते को जारी रखने के लिए समर्थकों की संख्या अन्य गठबंधन दलों के मतदाताओं के बीच विरोधियों से ज्यादा है।

## खबर संक्षेप

### शरजील समेत 11 के खिलाफ आरोप तय



**नई दिल्ली।** नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में हुए प्रदर्शनों के दौरान कथित हिंसा से जुड़े एक मामले में दिल्ली की साकेत कोर्ट ने में शरजील इमाम, आसिफ इकबाल तन्हा समेत 11 लोगों के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। कोर्ट ने इमाम को हिंसा भड़काने की बड़ी साजिश का 'सरगना' बताते हुए कहा कि उनका भाषण 'विषैला' था।

### 'डार्क स्टॉर्म टीम' ने ली हमले की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' का सर्वर सोमवार



(10 मार्च) को कई बार डाउन हुआ। यह समस्या भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और कनाडा सहित दुनिया भर के कई देशों में महसूस की गई। इस पर एलन मस्क ने कहा कि एक्स पर साइबर हमला हुआ था। अब कुख्यात फिलिस्तीनी समर्थक है 'डार्क स्टॉर्म टीम' ने टेलीग्राम पर इस साइबर हमले की जिम्मेदारी ली है। उसने बताया कि उन्होंने डिस्ट्रीब्यूटेड डिनायल ऑफ सर्विस के जरिये एक्स को डाउन किया है।

## मॉरीशस पहुंचे पीएम मोदी, गर्मजोशी के साथ किया गया जोरदार स्वागत

# रक्षा से शिक्षा तक गहरे हैं भारत के रिश्ते भारत-मॉरीशस में बढ़ेंगे 'व्यापारिक संबंध'

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

भारत के पीएम नरेंद्र मोदी मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर मॉरीशस पहुंच गए। यहां मॉरीशस के पीएम नवीन रामगुलाम समेत सभी मंत्री उनके स्वागत के लिए पहुंचे। पीएम ने एयरपोर्ट पर उतरने के बाद सबसे पहले स्वागत के लिए जुटे प्रवासी भारतीयों से मुलाकात की। इस दौरान यहां रहने वाली महिलाओं ने बिहारी संगीत गाकर पीएम का स्वागत किया। पीएम की यह दूसरी यात्रा है, इससे पहले वे 2015 में भी मॉरीशस गए थे। पीएम मोदी आज 12 मार्च को मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच गहरे द्विपक्षीय आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनयिक संबंध हैं। मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस का भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से जुड़ाव है। 1901 में, महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटते समय कुछ दिनों के लिए मॉरीशस में रुके थे।

इस दौरान उन्होंने भारतीय श्रमिकों को तीन महत्वपूर्ण संदेश -शिक्षा का महत्व, राजनीतिक सशक्तिकरण और भारत से जुड़े रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। गांधीजी के इन विचारों से प्रेरित होकर मॉरीशस अपना राष्ट्रीय दिवस 12 मार्च को मनाता है, जो संयोग से भारत में ऐतिहासिक डांडी मार्च की वर्षगांठ भी है।भारत ने मॉरीशस के साथ 1948 में ही राजनयिक संबंध स्थापित कर लिए थे, जो उसकी स्वतंत्रता (1968) से भी पहले की बात है। दोनों देशों के बीच संबंध आपसी विश्वास और सहयोग पर आधारित हैं। समुद्री सुरक्षा, विकास परियोजनाएं, तकनीकी सहायता, और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों में भारत ने मॉरीशस को निरंतर सहयोग दिया है।

भारत ने मॉरीशस के साथ 1948 में ही राजनयिक संबंध स्थापित कर लिए थे, जो उसकी स्वतंत्रता (1968) से भी पहले की बात है। दोनों देशों के बीच संबंध आपसी विश्वास और सहयोग पर आधारित हैं। समुद्री सुरक्षा, विकास परियोजनाएं, तकनीकी सहायता, और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों में भारत ने मॉरीशस को निरंतर सहयोग दिया है

### खास बातें

- दक्षिण अफ्रीका से लौटते समय 12 मार्च को मॉरीशस रुके थे महात्मा गांधी
- 2000 से अब तक भारत में 175 बिलियन अमेरिकी डॉलर का एफडीआई



### मॉरीशस की कूटनीतिक अहमियत

*हिंद महासागर के जरिए सीधा जुड़ाव होने की वजह से भारत के लिए मॉरीशस की कूटनीतिक अहमियत काफी ज्यादा है। 2015 में जब पीएम मॉरीशस के पहले दौरे पर गए थे, तब दोनों देशों ने मॉरीशस के अगलेगा द्वीप पर परिवहन व्यवस्था बेहतर करने के लिए समझौता किया। दरअसल, यह द्वीप मॉरीशस के मेनलैंड से करीब 1100 किमी दूर स्थित है और भारत के भूमि क्षेत्र के करीब है। यह छोटा टापू करीब 70 वर्ग किलोमीटर के इलाके में फैला है और भारत की सुरक्षा के मद्देनजर अहम है। फरवरी 2024 में भारत और मॉरीशस ने इस द्वीप पर एक एयर स्ट्रिप और जेटी प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया था, जो कि क्षेत्र में भारत की रक्षा के लिहाज से बड़ा कदम साबित हुआ।*

### मॉरीशस की परियोजनाओं में सहयोग

भारत ने मॉरीशस में कई विकास परियोजनाओं में सहायता की है। 2016 में भारत ने 353 मिलियन अमेरिकी डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की, जिसके तहत मेट्रो एक्सप्रेस, सुप्रीम कोर्ट बिल्डिंग, नया इएनटी अस्पताल, सामाजिक आवास परियोजना और डिजिटल टैबलेट योजना जैसी परियोजनाएं शामिल थीं। इसके अलावा, 2017 में भारत ने 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण दिया, जिससे 10 प्रमुख परियोजनाओं को वित्तपोषित किया गया, जिनमें से 7 पहले ही पूरी हो चुकी हैं।

### भारत भेजता है वेनिला और चिकित्सा उपकरण

2023-24 में भारत से मॉरीशस को 778.03 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात हुआ। मॉरीशस से भारत को 73.10 मिलियन अमेरिकी डॉलर का आयात हुआ। भारत से मॉरीशस को मुख्य रूप से पेट्रोलियम उत्पाद, दवाइयां, अनाज, कपास और झींगा निर्यात किया जाता है, जबकि मॉरीशस से भारत को वेनिला, चिकित्सा उपकरण और रिफाइंड कॉपर जैसे उत्पाद मिलते हैं।

## मणिकर्णिका घाट पर अनोखा नजारा

# धधकती चिताओं के बीच खेली भस्म होली भूत-प्रेत संग झूमे



एजेंसी ▶▶प्रयागराज

भूतभावन बाबा विश्वनाथ के साथ रंगभरी एकादशी पर अबीर गुलाल संग होली खेलने के बाद मंगलवार की सुबह मणिकर्णिका घाट की विश्व प्रसिद्ध मसाने की होली का उत्सव हुा। माता पार्वती का गौना कराकर अपने धाम में लौटे बाबा विश्वनाथ अपने गणों नंदी, श्रृंगी, भृंगी और भूत प्रेत के साथ जलती चिताओं की भस्म से अद्भुत होली खेली। इस दौरान हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा घाट गूंज उठा। सबसे पहले धुनी रमाए नागा साधु मसान घाट पर पहुंचे। उनके ऊपर राख डालकर लोगों ने हाथ जोड़कर प्रणाम किया। इसके बाद आम भक्तों पर चिता भस्म फेंककर महादेव का जयघोष किया गया। इस दौरान घाटों पर अद्भुत नजारा रहा।

### डीजे न बजने से घटा उत्साह

*मसान होली में डीजे प्रतिबंधित किया गया है। ऐसे में डीजे न बजने की वजह से मसाने की होली मनाने आए कई फैन उदास दिखे। नाच- गाना न होने से युवाओं का उत्साह कम दिखा। लेकिन भक्तों की भीड़ जुटी रही।*

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे

*मणिकर्णिका घाट पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही। घाट की ओर जाने वाले रास्ते पर भी जवानों की तैनाती रही। सुरक्षाकर्मी भीड़ को कंट्रोल करने में जुटे रहे।*

### हर सड़क और गालियां हुईं चोक

*मणिकर्णिका घाट की ओर जाने वाले सभी रास्ते चोक हो गए। भीड़ गलियों, घाटों और बोट से सीधे मणिकर्णिका घाट पर पहुंचती रही। इस दौरान जमकर धक्कामुखी हुई।*

## भारत और आर्मेनिया के बीच हुए दो अहम समझौते

# दोनों देश दवाओं की गुणवत्ता को करेंगे सुनिश्चित, राजनयिकों को देंगे प्रशिक्षण

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

भारत और आर्मेनिया ने आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए दो महत्वपूर्ण समझौते किए हैं। ये समझौते आर्मेनिया के विदेश मंत्री अरारात मिर्जोयान की भारत यात्रा के दौरान हुए। पहला समझौता भारत के सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन (सीडीएससीओ) और आर्मेनिया के सेंटर ऑफ ड्रग एंड मेडिकल टेक्नोलॉजी एक्सपर्टाइज (सीडीएमटीई) के बीच हुआ। इससे दोनों देश दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा को सुनिश्चित करने में सहयोग



करेंगे। दूसरा समझौता भारत के सुषमा स्वराज इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन सर्विस और आर्मेनिया के विदेश मंत्रालय के डिप्लोमेटिक स्कूल के बीच हुआ। इस समझौते से दोनों देशों के राजनयिकों को प्रशिक्षण और अनुभव साझा करने का अवसर मिलेगा।

### वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर की चर्चा

दोनों नेताओं ने व्यापार, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, संस्कृति और जन-जन संपर्क जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। डिजिटल टेक्नोलॉजी और दवा उद्योग में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर भी विचार किया। बैठक में वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा हुई, भारत और आर्मेनिया के ऐतिहासिक संबंधों की सराहना की और दोनों देशों की बढ़ती मित्रता की प्रशंसा की।

## आधी रात को दहला रूस

# यूक्रेन का बड़ा हमला, 300 से ज्यादा ड्रोन बरसाए, 1 की मौत

एजेंसी ▶▶मॉस्को

यूक्रेन ने बीती रात रूस को दनदनाते हमलों से दहला दिया। यूक्रेनी सेना ने तीन सालों में रूस पर सबसे बड़ा हमला किया है। मंगलवार को अधिकारियों ने बताया कि आधी रात मॉस्को को बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले में निशाना बनाया गया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उसने देश भर में 330 से ज्यादा ड्रोन मार गिराए हैं। रूस की रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इन हमलों में ज्यादातर राजधानी को निशाना बनाया गया था।



### रूस ने दागी बैलिस्टिक मिसाइल

इस बीच रूस ने भी इन हमलों का जवाब देते हुए यूक्रेन पर प्रहार किया है। यूक्रेनी वायु सेना ने मंगलवार को बताया है कि रूस की तरफ से रात भर हमले किए गए हैं। सेना के मुताबिक इस दौरान रूस ने बैलिस्टिक मिसाइल से भी हमला किया।

## यूएस ने अप्रैल 2025 के लिए वीजा बुलेटिन किया

# ग्रीन कार्ड के लिए करना होगा लंबा इंतजार ईबी-5 श्रेणी में वेटिंग दो साल से अधिक पीछे

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

अमेरिका ने अप्रैल 2025 के लिए वीजा बुलेटिन जारी कर दिया है, जो भारतीय ग्रीन कार्ड आवेदकों के लिए बुरी खबर लाया है। यूएस सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विस (यूएससीआईएस) ने बताया कि भारतीयों ग्रीन कार्ड आवेदकों के लिए ईबी-5 वीजा श्रेणी दो साल से



ज्यादा 'रिट्रोग्रेश' यानी पीछे चली गई है। अब यह 1 नवंबर, 2019 की तारीख हो चुकी है। बढ़ती मांग और वीजा के इस्तेमाल को देरी की मुख्य वजह बताया गया है।

### अन्य श्रेणियों में भी देरी

ईबी-1 श्रेणी के तहत भारत के लिए फाइनल एक्शन डेट 15 फरवरी, 2022 तक आगे बढ़ी है। एंप्लॉयमेंट बेस्ड वीजा की इस श्रेणी के तहत उन लोगों को ग्रीन कार्ड मिलता है, जिनके पास साइंस, आर्ट, एजुकेशन, बिजनेस, एथलेटिक्स में असाधारण प्रतिभा है। ईबी-2 श्रेणी के तहत भारत के लिए फाइनल एक्शन डेट 1 जनवरी, 2013 तक आगे बढ़ी है।

### निवेश के जरिए ग्रीन कार्ड पाना भी मुश्किल

*ईबी-3 श्रेणी में भारत के लिए फाइनल एक्शन डेट भारत 1 अप्रैल, 2013 तक आगे बढ़ी है। यूएस में काम करने गए भारतीय वर्कर्स को इस श्रेणी के तहत ग्रीन कार्ड मिलता है। ईबी-5 श्रेणी में फाइनल एक्शन डेट काफी ज्यादा पीछे चली गई हैं। भारत के लिए डेट 1 नवंबर, 2019 है। इस श्रेणी में उन लोगों को ग्रीन कार्ड दिया जाता है, जो निवेश के जरिए यूएस में ग्रीन कार्ड पाना चाहते हैं।*

## हैशड इमर्जेंट की ताजा रिपोर्ट 'इंडिया वेब3 लैंडस्केप' में खुलासा

# भारत 2028 तक दुनिया का सबसे बड़ा वेब3 डेवलपर हब बनेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत वेब3 स्पेस में तेजी से ग्लोबल लीडर के रूप में उभर रहा है। इसके 2028 तक दुनिया का सबसे बड़ा वेब3 डेवलपर हब बनने की उम्मीद है। मंगलवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। हैशड इमर्जेंट की ताजा रिपोर्ट 'इंडिया वेब3 लैंडस्केप' से पता चला है कि देश ने 2024 में सालाना आधार पर डेवलपर भागीदारी में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की, जिससे गिटहब में 4.7 मिलियन से अधिक डेवलपर जुड़े। यह वैश्विक स्तर पर सभी नए वेब3 डेवलपर्स का 17 प्रतिशत है, जिससे भारत दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा क्रिप्टो




डेवलपर बेस बन गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 45.3 प्रतिशत भारतीय वेब3 डेवलपर्स कोडिंग में योगदान देते हैं, 29.7 प्रतिशत बग्स को ठीक करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं और 22.4 प्रतिशत डॉक्यूमेंटेशन पर काम करते हैं।

**45.3% भारतीय वेब3 डेवलपर्स कोडिंग में योगदान दे रहे**

**2024 में भारतीय स्टार्टअप ने 564 मिलियन डॉलर जुटाए**

### अधिकांश 27 वर्ष से कम आयु के लोग

भारत के वेब3 डेवलपर्स का एक बड़ा हिस्सा नए लोग हैं, जिनमें से 50 प्रतिशत से अधिक ने पिछले दो वर्षों में इस क्षेत्र में प्रवेश किया है। उनमें से अधिकांश 27 वर्ष से कम आयु के हैं। हैकाथॉन एक ऐसा आयोजन है, जहां कंप्यूटर प्रोग्रामर मिलकर कुछ नया बनाने के लिए काम करते हैं। यह डेवलपर्स के लिए प्राथमिक प्रवेश द्वार बना हुआ है। वेब3 फर्म भुवनेश्वर, चेन्नई और केरल के विश्वविद्यालयों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रही हैं।

### फंडिंग में 109 प्रतिशत की वृद्धि

*भारत वेब3 स्टार्टअप संस्थापकों के मामले में भी वैश्विक स्तर पर तीसरे स्थान पर है। इस क्षेत्र में 1,200 से अधिक स्टार्टअप संचालित हैं। देश के वेब3 इकोसिस्टम में निवेशकों का विश्वास बढ़ा है, जिससे 2023 की तुलना में फंडिंग में 109 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में भारतीय स्टार्टअप ने 564 मिलियन डॉलर जुटाए, जिससे इस क्षेत्र में कुल निवेश 3 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया। रिपोर्ट में एआई, आरडब्ल्यूए और स्टेकिंग सॉल्यूशन को निवेश आकर्षित करने वाले प्रमुख क्षेत्रों के रूप में उजागर किया गया है। कई ग्लोबल वेंचर कैपिटल और घरेलू फर्म भारतीय वेब3 परियोजनाओं पर बड़ा दांव लगा रही हैं। इसके अतिरिक्त, लेयर 1 और लेयर 2 ब्लॉकचेन नेटवर्क से इकोसिस्टम फंड ने पर्याप्त निवेश किया है।*

# रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारत बना दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आयातक देश

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारत पिछले साल 2024 में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बन गया है। वैश्विक हथियार आयात में उसकी भागीदारी 8.3 फीसदी है। यह जानकारी जाने-माने अंतरराष्ट्रीय थिंक टैंक 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी)' की पिछले सोमवार को जारी हुई रिपोर्ट के जरिए मिली है। जिसमें बताया गया कि रूस के साथ युद्ध में उलझा हुआ यूक्रेन दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बनकर उभरा है। जो उसके द्वारा 2015 से 2019 में खरीदे गए हथियारों से लगभग 100 गुना अधिक हैं। उसकी वैश्विक हथियार आयात में 8.8 फीसदी की भागीदारी है। वहीं, वर्ष 2020 से 2024 तक की समय अवधि में भारत द्वारा बड़े पैमाने पर की गई हथियारों की खरीद के पीछे चीन, पाकिस्तान की तरफ से लगातार बढ़ता सुरक्षा खतरा मुख्य वजह रहा है। सिपरी की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2015-19 और 2020-24 के दौरान भारत के हथियारों के आयात में 9.3 फीसदी की गिरावट देखने को मिली है। साथ ही इस मामले में उसकी रूस पर भी निर्भरता घटी है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25